मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 271
सोमवार, 20 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, 16 की मौत

**तमिलनाडु, 19 अप्रैल।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी गांव में स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में जोरदार धमाका हुआ। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने आसपास की चार अन्य पटाखा इकाइयों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दुखद घटना में 16 लोगों की जान चली गई है, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।



घटना की जानकारी मिलते ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी में पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में कई लोगों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।'

मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों को लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य के मंत्रियों रामचंद्रन और थंगम थेन्नारासु को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्यों की निगरानी करने और प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर से बात की है और उन्हें राहत कार्यों के समन्वय के लिए सभी जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## महिला आरक्षण बिल गिरने पर अखिलेश यादव का पलटवार

**लखनऊ।** महिला आरक्षण बिल के संसद में गिरने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने नैतिक रूप से सरकार में बने रहने का अधिकार खो दिया है। उनका आरोप है कि बीजेपी इस बिल के जरिए महिलाओं का भला नहीं, बल्कि उनके साथ धोखा कर रही थी।

सपा प्रमुख ने स्पष्ट किया कि वे आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, बल्कि वे बीजेपी की गलत नियत के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी 33 फीसदी आरक्षण देने के बजाय महिलाओं का हक छीनना चाहती थी। अखिलेश ने कहा कि इस बिल में वोट बैंक की राजनीति छिपी थी और बीजेपी नहीं चाहती थी कि जनगणना के जरिए जातिवार आंकड़े सामने आएं। उन्होंने दावा किया कि लोकतंत्र को बचाने की मुहिम में वे सफल रहे हैं।

## होर्मुज में गोलीबारी से ईरान का इनकार

**ईरान, 19 अप्रैल।** ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत में प्रतिनिधि, डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने हाल ही में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास भारतीय झंडे वाले दो टैंकरों पर हुई फायरिंग की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। डॉ. इलाही ने कहा कि उन्हें इस विशिष्ट घटना के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान और भारत के संबंध 5,000 साल पुराने और बेहद मजबूत हैं। उन्होंने आशा जताई कि इस मामले को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा और ईरान हमेशा शांति का पक्षधर रहा है।



शनिवार को 'जग अर्नव' और 'सनमार हेराल्ड' नामक दो भारतीय टैंकरों पर ईरान की नौसेना द्वारा गोलीबारी की गई। ये जहाज इराक से तेल लेकर आ रहे थे। इस गंभीर घटना पर भारत ने तत्काल और कड़ी प्रतिक्रिया दी।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में ईरानी राजदूत डॉ. मोहम्मद फथली को तलब किया और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि भारत व्यापारिक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने ईरान से आग्रह किया कि वह इस जलमार्ग से भारतीय जहाजों की आवाजाही को फिर से सुरक्षित और सामान्य बनाने के लिए कदम उठाए।

ईरानी राजदूत ने दोहराया कि ईरान और भारत के सांस्कृतिक, सभ्यतागत और शैक्षिक संबंध बहुत गहरे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली और तेहरान के बीच आपसी बातचीत भी बहुत सफल रही है, जिससे दोनों देशों को लाभ मिलता है।

राजदूत ने यह भी संकेत दिया कि वे भारत की चिंताओं को अपनी सरकार तक पहुंचाएंगे, ताकि भविष्य में शांतिपूर्ण और सुरक्षित समुद्री आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

## पीमए मोदी ने महिला आरक्षण का नाम लेकर टीएमसी पर साधा निशाना

**कोलकता, 19 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर में 'विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि संसद में इस बिल के दौरान टीएमसी की भूमिका ने बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की मुख्य पहचान महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण से जुड़ी है। इसी कारण से देश भर की महिलाएं भाजपा पर भरोसा जताती हैं। उन्होंने अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि विकसित भारत के निर्माण में बेटियों की भूमिका और अधिक बढ़े, ताकि राजनीति में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।



प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तीखे हमले करते हुए कहा कि यह पार्टी घुसपैठियों को लाभ पहुंचाने के लिए कानून और नियमों को ताक पर रख देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी धर्म के आधार पर आरक्षण देकर संविधान की मूल भावना को नुकसान पहुंचा रही है। इसके अलावा, उन्होंने टीएमसी को आदिवासी-विरोधी बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके उन्होंने बंगाल की बहनों की भावनाओं को आहत किया है, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगी।

## कल्याण-डोंबिवली की ट्रैफिक समस्या जल्द होगी खत्म : एकनाथ शिंदे

### मेट्रो-रिंगरोड और डबल डेकर प्रोजेक्ट से मिलेगा समाधान

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण-डोंबिवली के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले समय में ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द ही निजात मिलने वाली है। मेट्रो, रिंगरोड, डबल डेकर सड़कें और नई कनेक्टिविटी मार्ग जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के जरिए क्षेत्र का पूरा यातायात ढांचा बदलने जा रहा है। कल्याण में आयोजित एमसीएचआई प्रॉपर्टी प्रदर्शनी के दौरान उपमुख्यमंत्री शिंदे बोल रहे थे। इस अवसर पर महापौर हर्षाली चौधरी, केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल, शिवसेना शहर प्रमुख रवी पाटिल, एमसीएचआई के सचिव साकेत तिवारी, जयेश तिवारी सहित कई प्रमुख अधिकारी और बिल्डर उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री शिंदे ने बताया कि सांसद श्रीकांत शिंदे के लगातार प्रयासों से क्षेत्र में मेट्रो-5, रिंगरोड और अन्य कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिलफाटा मार्ग को तीन लेन में विस्तारित किया जा रहा है, रांजनोली रोड का चौड़ीकरण जारी है और ठाणे-पडघा आठ लेन सड़क परियोजना से पूरे एमएमआर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था मजबूत होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि कल्याण-डोंबिवली का ट्रैफिक शहर के बाहर डायवर्ट करने के लिए रिंगरोड परियोजना में भूमि अधिग्रहण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही जेएनपीटी-वडोदरा हाईवे को कल्याण से जोड़ने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

विकासकों को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी, लेकिन आम नागरिकों के लिए घरों की कीमतें नियंत्रण में रखना जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मेट्रो-5 का टेंडर जल्द जारी किया जाएगा।

पानी की समस्या को लेकर उन्होंने बताया कि नए काळू बांध का काम युद्धस्तर पर जारी है, जिससे भविष्य में बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। इसके अलावा कल्याण स्टेशन सैटिस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं।

कुल मिलाकर, इन परियोजनाओं से कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव आने और ट्रैफिक समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**कोलकता, 19 अप्रैल।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में डर का माहौल बनाने के लिए युद्ध की गाड़ियां लेकर आई है, लेकिन बंगाल की जनता किसी भी कीमत पर डरने वाली नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस लड़ाई को लोकतांत्रिक तरीके से लड़ेंगी और भाजपा को परास्त करेंगी।



ममता बनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे प्रवासी श्रमिकों की भावनाओं का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मजदूरों को गीता और अन्य धर्मग्रंथों की कसम खिलवाई जा रही है ताकि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करें। मुख्यमंत्री ने इसे राजनीति का अब तक का सबसे गिरता हुआ स्तर करार दिया।

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर चर्चा करते हुए ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला।

## 36 की उम्र में भी 'असरदार' भुवनेश्वर कुमार, स्विंग और लाइन लेंथ से बल्लेबाजों को लगातार कर रहे परेशान

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल।** तेज गेंदबाजी में रफ्तार ही सब कुछ नहीं होती, असली फर्क बनाता है अनुभव, नियंत्रण और सही समय पर सही गेंद डालने की कला। आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी 36 वर्षीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार यही साबित कर रहे हैं। अपनी सधी हुई स्विंग और बेहतरीन लाइन-लेंथ के दम पर वह इस सीजन के सबसे असरदार गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं।



इस सीजन में सबसे ज्यादा बात जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाजों की होती है, लेकिन भुवनेश्वर चुपचाप अपना काम कर रहे हैं। इस सीजन भुवनेश्वर छह मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं और वह आईपीएल में 200 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं।

इस पूरे टूनार्मेंट में भुवी ने अपने अनुभव और लय का शानदार मिश्रण दिखाया है। उनकी गेंदबाजी में निरंतरता के साथ-साथ मैच के अहम पलों में विकेट निकालने की क्षमता साफ दिखाई देती है। यह सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि हर मुकाबले में दिखने वाला उनका प्रभाव है।

मेरठ के उनके कोच संजय रस्तोगी के अनुसार, भुवी की इस सफलता के पीछे उनकी मेहनत और अनुशासन है। उन्होंने चोटों के मुश्किल दौर से वापसी की और अपनी फिटनेस पर लगातार काम किया। आज उनकी गेंदबाजी उसी समर्पण का नतीजा है। भुवनेश्वर की फिटनेस के प्रति उनकी गंभीरता भी उन्हें अलग बनाती है। उनका एक निजी फिटनेस ट्रेनर हर समय उनके साथ रहता है, जो यह दिखाता है कि वह अपने खेल को लेकर कितने समर्पित हैं।

TIWARI'S SARASWATI CLASSES
Since 1992
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
- 34+ Years of Academic Excellence
- Experienced & Dedicated Faculty
- Personal Attention
- Printed Notes & Regular Tests
- Strong Foundation for Boards & Competitive Exams
Santacruz Branch
101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai-400055
Sion Branch
Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai
Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW




(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
- Std. XI & XII (Sci.)
- NEET
- JEE (Main & Advance)
- MHT-CET
- Polytechnic & Engg
- Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# सूरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले



-ललित गर्ग

भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। ह्लअभी न जाओ छोड़ करह्व जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि



उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे।

8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गई, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकार्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है।

आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, चुरा लिया है तुमने, दिल चीज क्या है जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है।

आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है।

आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ.पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है, इसके लिये उन्हें नेशनल अवार्ड मिला था।

आशा भोसले की आवाज में केवल स्वर नहीं, बल्कि एक दिव्य स्पंदन, एक अदृश्य करिश्मा और साधना की सिद्धि निहित थी। वह स्वर कभी श्रृंगार की मधुरता बनकर मन को मोह लेता, तो कभी विरह की वेदना बनकर आत्मा को छू जाता। उन्होंने अपने गायन के माध्यम से भारतीय संगीत को केवल सरस और मनोरंजक ही नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण, भावपूर्ण, आध्यात्मिक और प्रेरणादायी बनाया। उनके गीतों में जीवन का दर्शन, संवेदना की गहराई और आत्मिक स्पर्श एक साथ विद्यमान रहता था। उन्होंने हर शब्द में प्राण फूंककर उसे कालजयी बना दिया, जिससे संगीत केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीने का अनुभव बन गया। वास्तव में, आशा भोसले वह अनंत स्वर-धारा थीं, जिन्होंने भारतीय संगीत को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाकर उसे वैश्विक चेतना में प्रतिष्ठित किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बना दिया।

# डिजिटल दानव का शिकंजा: फेसबुकिया जाल में फंसती बेटियां, बिखरते परिवार और बेबस कानून



-सुरेश गांधी

कभी दुनिया को जोड़ने का सपना दिखाने वाला फेसबुक आज एक नए तरह के खतरे के रूप में देखा जाने लगा है। मेटा प्लेटफार्म के दावे अपनी जगह हैं, कड़े नियम, एआई मॉडरेशन, ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट, लेकिन जमीन पर हालात कुछ और ही कहानी कहते हैं। देश के विभिन्न शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, सोशल मीडिया अब सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि फर्जी पहचान का हथियार, भावनात्मक शोषण का जरिया, और अश्लीलता का प्रसारक बनता दिख रहा है। यह अलग बात है कि सोशल मीडिया अपने आप में न तो अच्छा है, न बुरा। यह एक उपकरण है, जिसका उपयोग उसे दिशा देता है। लेकिन जब : लाभ की दौड़, एल्गोरिदम का दबाव और यूजर की लापरवाही, तीनों मिल जाते हैं, तो परिणाम होता है, एक ऐसा डिजिटल माहौल, जो समाज के लिए खतरा बन जाता है।

ऐसे में बड़ा सवाल है क्या हम तकनीक के मालिक हैं, या उसके गुलाम बन चुके हैं? क्या सोशल मीडिया हमारे जीवन को जोड़ रहा है, या तोड़ रहा है? अगर समय रहते नहीं चेते, तो यह वर्चुअल दुनिया वास्तविक जीवन को निगल सकती है। सबसे बड़ा सवाल : दोषी कौन? प्लेटफॉर्म? कानून? या हम खुद? सच्चाई यह है कि तीनों की जिम्मेदारी है। मतलब साफ है, यह सिर्फ एक ऐप नहीं, यह एक ऐसा जाल है, जिसमें भावनाएं फंसती हैं, रिश्ते टूटते हैं, और जिंदगियां बिखर जाती हैं। अगर अब भी समाज नहीं जागा, तो आने वाला समय सिर्फ डिजिटल नहीं, सामाजिक आपदा का समय होगा। साइबर थानों के अधिकारियों से बातचीत में सामने आया कि हर सप्ताह कई शिकायतें फर्जी फेसबुक प्रोफाइल से जुड़ी आती हैं. आरोपी अक्सर खुद को सरकारी कर्मचारी या आर्मी ऑफिसर बताकर भरोसा जीतते हैं. और फिर शुरू होता है उत्पीड़न का खेल. काउंसलरों का कहना : डिजिटल रिश्ते बहुत तेज बनते हैं, लेकिन उतनी ही तेजी से टूटकर जीवन को झकझोर देते हैं।

ये उदाहरण नहीं हकीकत

लखनऊ के साइबर थाने में दर्ज एक मामले में : आरोपी ने खुद को सरकारी अधिकारी बताया, महीनों तक बातचीत, पीड़िता से निजी फोटो हासिल, फिर 70,000 रुपये की मांग, जब पीड़िता ने मना किया, उसे बदनाम करने की धमकी दी गई, धाराएं लगीं : इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 की धारा 67 इंडियन पीनल कोड की धारा 420, 506, लेकिन आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर। कुछ ऐसा ही वाराणसी में एक छात्रा के साथ हुआ. छात्रा को सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद : शादी का झांसा, वीडियो कॉल रिकॉर्डिंग और फिर ब्लैकमेल, परिवार के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन लड़की महीनों तक मानसिक आघात से जूझती रही। भदोही में एक ग्रामीण परिवार की बेटी : फेसबुक पर दोस्ती, शादी का वादा, पैसे और फोटो लेने के बाद गायब, परिवार ने इज्जत के डर से शिकायत तक नहीं की। अब हद इतना बढ़ गया है कि आज सोशल मीडिया की फीड : उत्तेजक वीडियो, अश्लील इशारे और वायरल होने की होड़. यह सब यूजर को बांधे रखने का खेल है। मेटा प्लेटफार्म अश्लीलता पर रोक की बात करता है, लेकिन बॉर्डरलाइन कंटेंट की बाढ़ इस दावे पर सवाल खड़े करती है। इंडियान साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन के अनुसार : 50 फीसदी से अधिक साइबर अपराधों में फर्जी प्रोफाइल का उपयोग. ग्राउंड पैटर्न : आर्मी ऑफिसर/डॉक्टर बनकर पहचान. भावनात्मक जुड़ाव और फिर ब्लैकमेल. यह सुनियोजित अपराध है, आकस्मिक नहीं। इंफार्मेशन टेक्नालॉजी एक्ट 2000 धारा 66 ई, 67 : अश्लीलता और प्राइवेसी उल्लंघन, इंडियन पैनल कोड 354 डी (स्टॉकिंग), 420 (धोखाधड़ी), 506 (धमकी). फिर भी सवाल : आरोपी पकड़ में क्यों नहीं आते? जांच इतनी धीमी क्यों?

फेसबुकिया अराजकता पर कौन जिम्मेदार?

जब पीएम मोदी और मार्क जुकरबर्ग एक मंच साझा करते हैं, डिजिटल इंडिया की बात होती है, निवेश की चर्चा होती है, तो यह स्वाभाविक है कि लोगों के मन में भरोसा भी बनता है और शंका भी। लेकिन आज जब फेसबुक पर अश्लीलता, फर्जी आईडी, और ऑनलाइन शोषण के आरोप बढ़ रहे हैं, तो यह सवाल उठना लाजिमी है : क्या सरकार सख्त नहीं हो रही? या प्लेटफॉर्म बेलगाम है? आलोचकों का तर्क है : मेटा प्लेटफार्म भारत में एक बड़ा डिजिटल निवेशक है. सरकार डिजिटल ग्रोथह्व के नाम पर कंपनियों पर ज्यादा सख्ती नहीं करती. आपत्तिजनक कंटेंट पर कार्रवाई धीमी, फर्जी अकाउंट आसानी से सक्रिय, शिकायतों का निस्तारण कमजोर. इस आधार पर कुछ लोग यह नैरेटिव बनाते हैं कि सरकार और कंपनियों के बीच नजदीकी का असर नियमों पर दिखता है. ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है क्या सरकार ने सख्ती नहीं की? यह आरोप पूरी तस्वीर नहीं दिखाते। सरकार के कदम : इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी रुल्स 2021 लागू किए गए, सोशल मीडिया कंपनियों को : ग्रिवांस ऑफिसर नियुक्त करना, 24 घंटे में शिकायत दर्ज करना, 72 घंटे में डेटा उपलब्ध कराना. कई मौकों पर सरकार और मेटा प्लेटफार्म के बीच, कंटेंट हटाने को लेकर टकराव भी सामने आया, यानी यह कहना कि ह्लसरकार कुछ नहीं कर रहीह्व भी अधूरा सच है। असली समस्या, सिस्टम की सीमाएं. 1. टेक्नोलॉजी की सीमा : हर सेकंड लाखों पोस्ट, एआई मॉडरेशन की अपनी सीमाएं, 2. अपराध का बदलता तरीका : फर्जी आईडी, वीपीएन. अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क. 3. कानून बनाम क्रियान्वयन : कानून मौजूद, लेकिन जांच और पकड़ धीमी यानी समस्या दोस्ती नहीं, बल्कि जटिल डिजिटल इकोसिस्टम है। ताबड़तोड बढ़ रही घटनाएं यह बताने के लिए काफी है : अपराध बढ़ रहे, पीड़ित बढ़ रहे, लेकिन न्याय की गति धीमी है. यहां आम नागरिक यह नहीं देखता कि कानून किसका है या प्लेटफॉर्म किसका, उसे चाहिए सुरक्षा।

कंटेंट की गिरती मर्यादा : वायरल के नाम पर अश्लीलता

सोशल मीडिया की सबसे बड़ी ताकत है, वायरल होने की क्षमता। लेकिन यही ताकत अब उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बनती जा रही है। आज प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में ऐसा कंटेंट मौजूद है जो : अश्लीलता की सीमा को छूता या पार करता है. महिलाओं को वस्तु की तरह प्रस्तुत करता है. युवा मन पर गलत प्रभाव डालता है. हालांकि मेटा प्लेटफार्म की नीतियां स्पष्ट रूप से नग्नता और पोर्नोग्राफी पर प्रतिबंध लगाती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि सजेस्टिव कंटेंट और बॉर्डरलाइन अश्लीलता एल्गोरिदम के जरिए तेजी से फैलती है। सवाल यह है कि : क्या प्लेटफॉर्म की प्राथमिकता नैतिकता है या एंगेजमेंट? क्योंकि जितना ज्यादा यूजर रुकता है, उतना ज्यादा विज्ञापन और उतनी ज्यादा कमाई। आंकड़ों में देखा जाएं तो भारत में डिजिटल व्यवहार पर हुए कई सर्वे इस चिंता को पुष्ट करते हैं : इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन आफ इंडिया के अनुसार : लगभग 35 से 40 फीसदी यूजर्स ने स्वीकार किया कि उन्हें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या अश्लील कंटेंट देखने को मिलता है. नेशनल कमिशन फार वोमेन के पास ऑनलाइन उत्पीड़न की शिकायतों में लगातार वृद्धि हुई है. मतलब साफ है साइबर अपराधों में सोशल मीडिया की भूमिका तेजी से बढ़ रही है. खासकर महिलाओं और युवतियों को निशाना बनाने वाले मामलों में वृद्धि हुई है. समस्या काल्पनिक नहीं, यह व्यापक, गहरी और चिंताजनक है। सोशल मीडिया की सबसे खतरनाक खामी है, ह्लपहचान की अस्थिरताह्व। इंडियन साइबर क्राइम कोआरडिनेशन सेंटर के अनुसार : आधे से अधिक साइबर अपराधों में फर्जी प्रोफाइल का उपयोग होता है. इन फर्जी आईडी का उपयोग : दोस्ती और रिश्ते का झांसा देने, निजी जानकारी हासिल करने, ब्लैकमेल और आर्थिक ठगी के लिए किया जाता है. यह केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट है।

एल्गोरिदम, मुनाफे का खेल

मेटा प्लेटफार्म का एल्गोरिदम : ज्यादा समय = ज्यादा मुनाफा इसलिए : उत्तेजक कंटेंट ज्यादा फैलता है, नैतिक कंटेंट पीछे छूटता है. यही डिजिटल अर्थव्यवस्था का कड़वा सच है।

महिलाएं, सबसे बड़ी पीड़ित

नेशनल कमिशन फार वोमेन के अनुसार : ऑनलाइन उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़े, ग्राउंड में : मॉर्फ्ड फोटो, अश्लील मैसेज, ट्रोलिंग, यह डिजिटल हिंसा है।

समाज पर गहरा असर

परिवार टूट रहे, युवा भ्रमित, मानसिक तनाव, अपराध का विस्तार. यह संकट अब व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक बन चुका है।

जिम्मेदारी तय करनी होगी

मेटा प्लेटफॉर्म को : फर्जी अकाउंट पर तत्काल कार्रवाई, एल्गोरिदम में सुधार, सरकार, साइबर पुलिस को मजबूत, स्कूल स्तर पर डिजिटल शिक्षा, समाज, सतर्कता, जागरूकता.

भारत में कई बार सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों के बीच टकराव सामने आया है : कंटेंट हटाने को लेकर विवाद, डेटा और प्राइवेसी पर सवाल, यह लड़ाई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाम सुरक्षा के बीच फंसी है।

मुनाफा बनाम मर्यादा : असली टकराव

मेटा प्लेटफार्म का मॉडल : यूजर जितना रुकेगा, उतना मुनाफा, इसलिए, उत्तेजक कंटेंट तेजी से फैलता है, विवादास्पद चीजें ज्यादा दिखती हैं, यही वह जगह है जहां सरकार और कंपनी के बीच असली टकराव होना चाहिए, लेकिन अक्सर यह टकराव अधूरा रह जाता है।

जनता की धारणा : दोस्ती क्यों दिखती है?

इसके पीछे तीन कारण हैं : 1. हाई-प्रोफाइल मीटिंग्स, मोदी - जुकरबर्ग मुलाकातें चर्चा में रहती हैं. 2. डिजिटल इंडिया का नैरेटिव, सरकार टेक कंपनियों को प्रोत्साहित करती है. 3. जमीनी समस्याओं का समाधान धीमा, जब समस्या हल नहीं होती, तो लोग कारण नजदीकी में खोजने लगते हैं, मतलब साफ है दोस्ती नहीं, जवाबदेही का सवाल है, न तो यह पूरी तरह दोस्ती का खेल है और न ही सरकार पूरी तरह बेबस, असल सच्चाई : प्लेटफॉर्म मुनाफे के दबाव में, सरकार संतुलन के दबाव में और जनता असुरक्षा के बीच फंसी है.

अब क्या होना चाहिए?

सरकार को : कानून का कड़ाई से पालन कराना होगा, साइबर पुलिस को टेक्नोलॉजी से लैस करना होगा, मेटा प्लेटफार्म को : एल्गोरिदम पारदर्शी बनाना होगा, फर्जी अकाउंट पर तुरंत कार्रवाई करनी होगी. समाज को : डिजिटल साक्षरता बढ़ानी होगी, अंधविश्वास से बचना होगा. मतलब साफ है सवाल दोस्ती का नहीं, जवाबदेही का है। अगर सरकार सख्त नहीं होगी, तो प्लेटफॉर्म बेलगाम होंगे। और अगर प्लेटफॉर्म जिम्मेदार नहीं बने, तो समाज इसकी कीमत चुकाएगा। डिजिटल भारत का सपना तभी सुरक्षित होगा, जब डेटा नहीं, नागरिक सबसे ऊपर होंगे।

फेसबुक बन चुका है समाज का कुरुप चेहरा

सामाजिक कार्यकर्ता लेनिन रघुवंशी कहते है : यहां फेसबुक पर बने रिश्ते कई बार घर टूटने की वजह बन जाते हैं, लेकिन लोग खुलकर बोलते नहीं। हाल यह है कि फेसबुकिया जाल अब सिर्फ एक ऐप नहीं रहा, यह एक ऐसा दर्पण बन चुका है, जिसमें समाज का सबसे कुरूप चेहरा दिखने लगा है। अगर समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह वर्चुअल जहर आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को खोखला कर देगा। स्थानीय स्तर पर बातचीत में सामने आया कि : कॉलेज जाने वाली छात्राएं सोशल मीडिया पर बने रिश्तों में जल्दी विश्वास कर लेती हैं. कई मामलों में यह प्यार धीरे-धीरे प्रेशर में बदल जाता है. शिक्षक आशुतोश मिश्रा का कहना है : बच्चों को यह समझ ही नहीं कि स्क्रीन के पीछे कौन है... वे भावनाओं में बह जाते हैं। सोशल मीडिया की टाइमलाइन अब सिर्फ जानकारी नहीं दिखाती, बल्कि उत्तेजना और सनसनी का मिश्रण बनती जा रही है। छोटे वीडियो, रील्स और फोटो के जरिए वायरल होने की होड़ में मयार्दा की सीमाएं टूट रही हैं.

ऑनलाइन रिश्ते : प्यार या जाल?

सोशल मीडिया ने रिश्तों की परिभाषा बदल दी है। जहां पहले रिश्ते समय, विश्वास और सामाजिक दायरे में बनते थे, अब वे : कुछ चैट, कुछ फोटा और कुछ वादों पर आधारित हो गए हैं. कई मामलों में देखा गया है : युवतियों को प्रेम और विवाह का झांसा, निजी तस्वीरों का दुरुपयोग, मानसिक और आर्थिक शोषण. यहां एक जरूरी तथ्य भी समझना होगा : हर अपराध को किसी एक समुदाय या विशेष शब्दावली से जोड़ना तथ्यात्मक और कानूनी रूप से सही नहीं होता। असल समस्या है : धोखाधड़ी, शोषण और डिजिटल अनभिज्ञता.

एल्गोरिदमः अदृश्य नियंत्रक

सोशल मीडिया का असली खेल एल्गोरिदम चलाता है। यह तय करता है कि : आपको क्या दिखेगा, कितना दिखेगा, और कितनी बार दिखेगा. समस्या यह है कि : एल्गोरिदम एंगेजमेंट को प्राथमिकता देता है, संवेदनशीलता को नहीं. इसका परिणाम : सनसनीखेज और उत्तेजक कंटेंट ज्यादा फैलता है. नैतिक और संतुलित कंटेंट पीछे छूट जाता है. यानी प्लेटफॉर्म भले सीधे अश्लीलता न परोसे, लेकिन उसका सिस्टम उसे बढ़ावा जरूर देता है।

महिलाओं और युवाओं पर असर

इस डिजिटल अराजकता का सबसे बड़ा असर पड़ता है, महिलाओं और किशोरियों पर. यूएन वोमेन के अनुसार : ऑनलाइन उत्पीड़न महिलाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है. भारत में : ब्लैकमेल, ट्रोलिंग और मानसिक उत्पीड़न के मामले तेजी से बढ़े हैं. कई मामलों में यह स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि पीड़ित आत्मघाती कदम तक उठा लेते हैं.

समाज पर व्यापक प्रभाव

यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक संकट है : 1. नैतिक गिरावट : अश्लील और भ्रामक कंटेंट से सामाजिक मूल्यों पर असर. 2. रिश्तों में अविश्वास : ऑनलाइन धोखाधड़ी से वास्तविक रिश्ते भी प्रभावित. 3. मानसिक स्वास्थ्य संकट : डिप्रेशन, चिंता और असुरक्षा की भावना. 4. अपराध में वृद्धि.

**डिजिटल युग में फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म ने जहां संवाद और अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले, वहीं इसके दुरुपयोग ने समाज के सामने गंभीर संकट भी खड़ा कर दिया है। फर्जी प्रोफाइल, अश्लील कंटेंट और ऑनलाइन रिश्तों के नाम पर बढ़ते शोषण ने खासकर महिलाओं और युवाओं को असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है। यूपी, बिहार, एमपी, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न शहरों की ग्राउंड रिपोर्ट यह संकेत देती है कि यह समस्या अब व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक संकट बन चुकी है। इसी बीच सरकार और मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली मेटा प्लेटफार्म के संबंधों को लेकर भी सवाल उठते हैं, क्या नियमन कमजोर है या तकनीकी तंत्र ही नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है? सच्चाई यह है कि कानून मौजूद हैं, लेकिन क्रियान्वयन, प्लेटफॉर्म की जवाबदेही और समाज की जागरूकता, तीनों की कमी इस संकट को गहरा कर रही है। यह केवल तकनीक का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और सुरक्षा का प्रश्न है, जहां अब निर्णायक हस्तक्षेप की आवश्यकता है**

# अमरत्व को ले जाती शहादत



-तनवीर जाफरी

28 फरवरी 2026 को इस्राईल और अमेरिका ने एक संयुक्त अभियान चलाकर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई को तेहरान में किये गये एक बड़े हवाई हमले में शहीद कर दिया था। ये हमले खामनेई के रिहाइशी कंपाउंड और उस समय चल रही डिफेन्स काउंसिल मीटिंगसहित और कई ठिकानों पर एक साथ हुए थे।अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपने के पहले ही दिन हुये इस हमले में सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई के अलावा 11अन्य प्रमुख ईरानी अधिकारी व नेता शहीद हो गये थे। युद्ध थोपने के पहले ही दिन और पहले ही आक्रमण में खामनेई को शहीद किये जाने के पीछे अमेरिका -इस्राईल की यही रणनीति थी कि खामनेई के बाद ईरान का नेतृत्व बिखर जायेगा और अमेरिका -इस्राईल की ईरान में सत्ता परिवर्तन किये जाने व शाह की संतान को ईरानी सत्ता पर थोपने की उनकी दीर्घकालीन नापाक मंशा पूरी हो जाएगी। परन्तु आयतुल्लाह खामनेई की शहादत के बाद का ईरान तो इतना एकजुट,मजबूत,सक्षम व उत्साही नजर आया जिसकी दुनिया कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

ईरानी सरकार ने 1 मार्च को खामनेई की मौत की पुष्टि की और पूरे देश में शोक घोषित किया। उसके बाद एक तरफ तो ईरान व ईरानी सत्ता को अस्थिर करने की गरज से ईरान पर दुश्मन की भारी बमबारी जारी रही दूसरी तरफ ईरान ने भी खामनेई की शहादत के बाद अमेरिका व इस्राईली हितों की रक्षा करने वाले लगभग 12 देशों परआक्रमण किये। इनमें खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी बेस और अन्य सैन्य ठिकाने शामिल थे। आश्चर्य की बात तो यह है कि पूरा ईरान इस दौरान अपने सर्वोच्च नेता की शहादत के गम में भी डूबा रहा,साथ ही मिनाब में स्कूल पर हुये हमले व अन्य जगहों पर हो रही अमेरिका व इस्राईली बमबारी का भी सामना करता रहा और इसी के साथ अपनी रक्षा भी बखूबी करते हुये अपने दुश्मनों व उनके हितैषियों को भी पूरे सलीके के साथ सबक सिखाता रहा।

इसके पीछे सैय्यद अली खामनेई के त्याग,उनकी दूरदृष्टि,ईमानदारी,सादगी व उनके बलिदान का सबसे महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। गौरतलब है कि सैय्यद अली खामनेई को 3 जून 1989 को आयतुल्लाह रुहुल्लाह खोमैनी की मृत्यु के बाद ईरान का कार्यवाहक सर्वोच्च नेता निर्वाचित किया गया था। दो महीने बाद 6 अगस्त 1989 को ईरानी विशेषज्ञों की सभा ने उन्हें स्थायी सर्वोच्च नेता के रूप में आधिकारिक तौर से चुन लिया। गोया आज का ईरान इन्हीं आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की लगभग 37 वर्षों की दूरदर्शिता से निर्मित किया गया वह देश है जिसने अमेरिका व इस्राईल जैसे विश्व के सबसे आक्रामक व नरसंहारक देशों के पसीने छुड़ा दिये।

गत 9 अप्रैल से खामनेई की शहादत के बाद उनका चालीसवां (शोक) मनाने का सिलसिला शुरू हुआ। यह चालीसवां केवल ईरान में ही नहीं मनाया गया बल्कि दुनिया के अनेक देशों के अनेक शहरों में 9 अप्रैल के बाद इनकी याद में बड़ी बड़ी सभाएं की गयीं और यह सिलसिला अभी भी जारी है। जीवन की सादगी, उनकी सीख, शिक्षा,समर्पण व त्याग ने खामनेई को उस बुलंदी पर पहुंचा दिया कि उन पर आंसू बहाने वालों में केवल शिया समाज के लोग ही शामिल नहीं हुये बल्कि बड़ी संख्या में ईसाई,सुन्नी,हिन्दू,सिख,बौद्ध,जैन आदि सभी समुदायों के लोग अलग अलग जगहों पर शामिल हुये। मैं तुलना तो नहीं करता परन्तु यह बात दावे के साथ कहता हूँ कि करबला के शहीदों के चालीसवें के सिवाय और किसी अन्य व्यक्ति के चालीसवें अथवा सोग के अवसर पर इतने अधिक देशों व शहरों में इतने बड़े पैमाने पर इतने अधिक आयोजन होते मैंने पहले कभी नहीं देखा-सुना। 3 जून 1989 को ईरानी क्रांति के नेता आयतुल्लाह रुहुल्लाह खोमैनी की मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार में भी ईरान के विभिन्न हिस्सों से करोड़ों लोगों ने शिरकत की थी। अपनी मृत्यु से पूर्व खोमैनी कई वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। अंतिम दिनों में उन्हें आंतरिक रक्तस्राव के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। गहन जाँच के बाद उन्हें कैंसर और दिल संबंधी समस्याओं से पीड़ित बताया गया और केवल 11 दिनों तक अस्पताल में रहने के दौरान उन्हें दिल के कई दौरे पड़े।आखिरकार 12वें दिन उनकी मृत्यु हो गयी । खोमैनी के अंतिम संस्कार को भी इतिहास के सबसे बड़े अंतिम संस्कारों में से एक माना जाता है परन्तु वैश्विक स्तर पर सभी धर्मों व समुदायों के लोगों द्वारा उनका भी अंतिम सोग अर्थात चालीसवां इस स्तर पर नहीं मनाया गया था।

इसकी असल वजह है आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई का 86 वर्ष की आयु में शहीद होना। और वह भी अमेरिका व इस्राईल जैसे राक्षसीय कृत्य को अंजाम देने वाले मानवता के दुश्मन समझे जाने वाले देशों के मुकाबले डटकर खड़े रहने और सच्चाई व अपने अधिकारों के लिये डटकर मुकाबला करने की सीख देते हुये शहीद होना। इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में खामनेई की शहादत को दुनिया इसलिये भी याद रखेगी कि वे वास्तव में करबला से प्रेरणा लेने वाले एक ऐसे सच्चे मुजाहिद थे जिन्होंने अपने दुश्मन की ताकत उसकी धमकियों यहाँ तक की अमेरिका के चलते ईरान पर चले आ रहे चार दशकों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की भी परवाह न करते हुए भी एक ऐसे ईरान का निर्माण किया जिसकी गिनती आज विश्व की महाशक्तियों में होने लगी है। यदि खामनेई शहीद न होते और अमेरिका ने यह युद्ध थोपा न होता तो आज ईरान - अमेरिका व इस्राईल की वास्तविक ताकत का अंदाजा भी दुनिया को न होता। गोया खामनेई की शहादत ने अमेरिका व इस्राईल सहित कई देशों को बेनकाब कर दिया जो क्रूरता कायरता व मानवता के बड़े मुजरिम हैं।

हमारे देश भारत में भी महात्मा गाँधी अपने जीवन में शायद उतने प्रभावी व प्रासंगिक नहीं रहे होंगे जितने कि वे शहीद होने के बाद हुये। उनकी हत्या करने के बाद न केवल उनकी सोच,सीख व आदर्शों को 'गांधीवाद' व 'गाँधी दर्शन' का नाम मिला बल्कि देश में साम्प्रदायिकतावादियों का चेहरा भी बेनकाब हो गया। आज गाँधी को भी उनके सत्य व अहिंसा के सिद्धांतों के लिये याद किया जाता है। यह भी अजीब इत्तेफाक है कि महात्मा गाँधी भी करबला की घटना से प्रभावित थे तथा कई जगहों पर उन्होंने हजरत इमाम हुसैन के त्याग, सम्मान की रक्षा और अन्याय के विरुद्ध उनके अडिग होकर खड़े रहने की सराहना की। इमाम हुसैन का संदेश उनके लिए मानवता का संदेश था। और आज उसी करबला और शहीद करबला हजरत हुसैन के बताये हुये मार्ग पर चलते हुये खामेनेई ने भी शहादत को गले लगाकर अपने आपको अमर कर दिया। निःसंदेह शहादत अमरत्व की ओर ले जाती है।

## ऊषा इंटरनेशनल ने नए एयर कूलर लॉन्च किया

पटना। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड्स में से एक, ऊषा इंटरनेशनल ने नए एयर कूलर लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस नई रेंज में एयर किंग 100लीटर , एयर किंग 120लीटर (3-साइड हनीकॉम्ब), और एयर किंग प्लस 120/150लीटर जैसे तीन वेरिएंट शामिल हैं, जिन्हें बड़े इनडोर और अर्ध-आउटडोर क्षेत्रों में शक्तिशाली कूलिंग, बेहतर एयरफ्लो और विश्वसनीय प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही, कंपनी ने भारतीय घरों के लिए अपने कूलिंग समाधानों को और मजबूत करते हुए मैक्स एयर अल्ट्रा सीरीज का एक नया संस्करण भी पेश किया है, जो 70लीटर, 95लीटर और 120लीटर वेरिएंट में उपलब्ध है। कीमत की दृष्टि से, ऊषा एयर किंग रेंज और अपडेटेड मैक्स एयर अल्ट्रा सीरीज विभिन्न क्षमताओं में उपलब्ध हैं, जिनकी शुरूआती कीमत क्रमशः 22,000 रुपये और 17,000 रुपये (सभी करों सहित) है।



# पालघर का विकास, भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल जिष्णू देव वर्मा

पालघर(उत्तरशक्ति)। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति का समग्र विकास आवश्यक है और इस उद्देश्य को पूरा करने में पालघर का योगदान अनिवार्य है, उक्त बातें महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल जिष्णू देव वर्मा ने दहानू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने राज्यपाल पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार पालघर जिले का दौरा किया।

राज्यपाल ने डहाणू तहसील के ओसरविरा में वनबंधू ट्रस्ट और भारत विकास संगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया, जहाँ पालघर के दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल अस्पताल एवं एंबुलेंस सेवाओं का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं, जिनमें भारत विकास संगम के संरक्षक संजय पटेल, राज्यपाल के सचिव डॉ. प्रशांत नारनवरे, जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड, पालघर के पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, वनबंधू ट्रस्ट के अध्यक्ष लाडूलाल सोनी, योगायतन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी सुशील सिंघानिया आदि मान्यवरों के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने भाषण की शुरूआत 'सर्वे भवन्तु निरामयः' मंत्र से की और कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं अब केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें आदिवासी क्षेत्रों तक भी पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने पालघर जिले में रोजगार, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी

## डहाणू में स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण




समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का वचन भी दिया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास' के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि विकास की प्रक्रिया में अंतिम व्यक्ति का कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है। वनबंधू ट्रस्ट के द्वारा शुरू किए गए स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। इस अवसर पर वनबंधू ट्रस्ट के अध्यक्ष लाडूलाल सोनी ने ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य परियोजनाओं की जानकारी दी और ट्रस्ट के कमिटमेंट को दुर्गम इलाकों में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड ने राज्यपाल के मार्गदर्शन में पालघर जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और योजनाओं के बारे में जानकारी दी और प्रशासन की तरफ से इस कार्य को और तेज गति से करने का भरोसा दिलाया। यह कार्यक्रम पालघर जिले के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, जिससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों की समग्र प्रगति की दिशा में भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे।

## विनायकम मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का 8वां वर्धापन दिवस धूमधाम से मनाया गया




भिवंडी (उत्तरशक्ति)। पद्मानगर स्थित विनायकम मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल का 8वां वर्धापन दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 9वें वर्ष के शुभारंभ पर डॉ. श्याम यादव, डा. पूर्णिमा तथा अस्पताल के समस्त स्टाफ का समाजसेवकों और शुभचिंतकों द्वारा शाल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने अस्पताल द्वारा पिछले आठ वर्षों से दी जा रही उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा जारी रखने की कामना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीनिवास सिरीमल्ले, विनोद सिरीसिल्ला, प्रकाश उर्फ मुन्ना शेट्टी, पुरुषोत्तम पोतु, नवल चौरसिया, राजू सब्बनवार, विनोद यादव, पुला रवी, स्वस्तिक, शिवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अस्पताल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालकों और स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। भिवंडी शहर में विनायकम मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और सामाजिक योगदान से एक अलग पहचान बनाई है। 8वां वर्धापन दिवस पर आयोजित यह समारोह आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## एमबीएमसी परिवहन समिति के सदस्य बने राजकुमार मिश्रा



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता व युवा अधिवक्ता राजकुमार मिश्रा को भाजपा द्वारा मीराभायंदर परिवहन समिति का सदस्य नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर मिश्रा ने आयुक्त राधाविनोद शर्मा महापौर डिंपल मेहता, उपमहापौर ध्रुवकिशोर पाटिल और खासकर विधायक नरेंद्र मेहता के प्रति आभार जताया है। और कहा है कि पार्टी और मेहता ने हमारे ऊपर जो भरोसा जताया है वह मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। और भाजपा व समिति के प्रति पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य हमेशा करता रहूंगा।

## ऑल इंडिया मुस्लिम ओबीसी ऑर्गनायजेशन के संस्थापक शब्बीर अहमद अन्सारी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। ऑल इंडिया मुस्लिम ओबीसी ऑर्गनायजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक स्वर्गीय शब्बीर अहमद अन्सारी के निधन के पश्चात, 19 अप्रैल 2026 को बोईसर स्थित दारुल उलूम गौसिया मदरसा में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शब्बीर अहमद अन्सारी का निधन 22 मार्च 2026 को हुआ था। उनके निधन के बाद, महाराष्ट्र व भारतभर में कुरान पाठ व प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया मुस्लिम ओबीसी ऑर्गनायजेशन के पालघर जिलाध्यक्ष आशाद बने शेख ने की। कार्यक्रम में दारुल उलूम गौसिया मदरसा के बच्चों ने कुरान पाठ किया, इसके बाद मदरसा के मुफ्ती, कारी व मौलाना ने तिलावत प्रस्तुत की। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष रफीक दाऊद शेख, मुंबई से ऑल इंडिया मुस्लिम ओबीसी ऑर्गनायजेशन के महाराष्ट्र जनरल सेक्रेटरी इसहाक खडके (पप्पू सय्यद), और ऑल इंडिया मुस्लिम सलमानी बिरादरी के मकसूद सलमानी शेख भी उपस्थित थे। साथ ही, चिंचणी से रऊफ शेख, तारापूर से गुलजार खलिफा तथा अन्य कई सम्मानित नागरिकों एवं क्षेत्रीय नेताओं ने इस प्रार्थना सभा में भाग लेकर अन्सारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाध्यक्ष आशाद शेख ने कहा कि शब्बीर अहमद अन्सारी ने ओबीसी समाज के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह प्रेरणा का स्त्रोत है। हमें उनके कार्यों को आगे बढ़ाना होगा और उनके योगदान का सम्मान करना होगा। दारुल उलूम गौसिया के अध्यक्ष रफीक दाऊद शेख ने अन्सारी की निस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित था, और हमें उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यों को निरंतर जारी रखना चाहिए। इस भावपूर्ण कार्यक्रम का समापन फातिहा पठण और नियाज वितरण के साथ हुआ, जिसमें सभी ने मिलकर अन्सारी को श्रद्धांजलि दी।

## सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने जावेद जाफरी का स्वागत किया, बने इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के जज इंडिया वाला डांस

मुंबई/पटना। विरासत, नॉस्टैल्जिया और बेमिसाल डांस एक्सपर्टीज को एक साथ जोड़ते हुए-सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने जावेद जाफरी का स्वागत किया, जो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 में जज के रूप में नजर आएंगे। इस सीजन का थीम है इंडिया वाला डांस। रिलीज हुए प्रोमो में जावेद जाफरी ने आने वाले सीजन को लेकर अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, कभी सोचा है तीस बाय तीस के स्टेज पर, क्या एक सौ चालीस करोड़ लोग नाच सकते हैं? बिल्कुल नाच सकते हैं, क्योंकि जब इंडियाज बेस्ट डांसर पर होगा इंडिया वाला डांस, तो सारा इंडिया नाचेगा। मैं आ रहा हूं इंडियाज बेस्ट डांसर लेकर, 9 मई से हर शनिवार-रविवार, रात 9:00 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर। अपनी स्टाइलिश पर्सनैलिटी, तेज नजर और एनर्जेटिक अंदाज के लिए जाने जाने वाले जावेद जाफरी शो में एक अलग ही करिश्मा और मेंटरशिप लेकर आएंगे। भारतीय टेलीविजन पर डांस के पायनियर रहे जावेद इस सीजन में ताजगी और नॉस्टैल्जिया का परफेक्ट मेल देंगे।

## भिवंडी में फलाह-ए-आम ट्रस्ट द्वारा 14वें रक्तदान शिविर में 400 रक्तदानदाताओं ने किया रक्तदान




भिवंडी (उत्तरशक्ति)। भिवंडी के फलाह-ए-आम ट्रस्ट की ओर से 14वें रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को कोकण मुस्लिम एज्युकेशन सोसायटी के संकुल सभागार में किया गया। इस शिविर में करीब 400 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। आयोजकों के अनुसार, ट्रस्ट द्वारा अब तक आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 5 हजार यूनिट रक्त का संकलन किया जा चुका है। इस आयोजन में जमात-ए-इस्लामी, एम.पी.जे., एस.आई.ओ., जी.आई.ओ., आयटा और रैयान वेलफेयर फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। शिविर का संचालन संकल्प रक्तपेढी, भिवंडी रक्तपेढी और जे.जे. अस्पताल रक्तपेढी के सहयोग से किया गया। आयोजक मौलाना औसाफ फलाही और डा. निसार मुक्री ने बताया कि शिविर में सभी धर्मों के लोग और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लेकर सामाजिक एकता और सेवा भाव का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# टिटवाला से पांच करोड़ का एमडीएमए ड्रग्स बरामद

- मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी
- 36 साल की महिला गिरफ्तार



कल्याण (उत्तरशक्ति)। मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एएनसी घाटकोपर टीम और साकीनाका पुलिस ने करीब पांच करोड़ रुपये की एमडीएमए (एक्स्टेसी) ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में टिटवाला, कल्याण निवासी 36 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है, जिसे ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले के अंतर्गत की गई है। इस केस में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था।

आगे की जांच और तकनीकी विश्लेषण में सामने आया कि गिरफ्तार महिला ही एक्स्टेसी टैबलेट्स की सप्लायर है।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने टिटवाला स्थित उसके ठिकाने पर छापा मारा, जहां से कुल 4056 एक्स्टेसी टैबलेट्स (करीब 2030 ग्राम) बरामद की गईं, जिनकी बाजार कीमत लगभग 5 करोड़ 7 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इससे पहले भी आरोपी के पास से 104 ग्राम एमडीएमए (लगभग 26 लाख रुपये) जब्त किया गया था।

महिला को रविवार सुबह करीब 5 बजे गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार उसे कल्याण के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर विधिवत गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस कार्रवाई को एएनसी घाटकोपर के पीआई अभिजीत अहिरराव और पीआई राहुल लोखंडे की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में ड्रग्स नेटवर्क के अन्य कड़ियों की तलाश जारी है।

## कल्याण में घरेलू गैस पाइपलाइन परियोजना का रवि पाटील के हांथो शुभारंभ




कल्याण (उत्तरशक्ति)। कल्याण पश्चिम के लोगों के लिए राहत की खबर। लंबे इंतजार के बाद घर-घर सुरक्षित गैस आपूर्ति देने वाली PNG पाइपलाइन परियोजना का रविवार को शुभारंभ हो गया।

कल्याण पश्चिम के नागरिकों को अब सिलेंडर की झंझट से मुक्ति मिलेगी। घर-घर सुरक्षित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने वाली घरेलू गैस पाइपलाइन वितरण (PNG) परियोजना का रविवार को शुभारंभ किया गया। महानगर गैस के माध्यम से शुरू हो रही इस योजना के पहले चरण में कस्तूरी लॉन्स, सुप्रिया सोसायटी और वाधवा मेडोज जैसे प्रमुख आवासीय परिसरों को पाइपलाइन गैस सुविधा से जोड़ा जाएगा। इससे नागरिकों को गैस सिलेंडर की परेशानी से छुटकारा मिलेगा और सुरक्षित, निरंतर गैस आपूर्ति उपलब्ध होगी। परियोजना का उद्घाटन रविवार आरटीओ रोड स्थित आइकॉन हॉल के सामने, रवि पाटिल के निवास स्थान के पास किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। रवि पाटिल का कहना है कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे नागरिकों के जीवन में सुविधा और सुरक्षा दोनों बढ़ेंगी।

## पत्रकार मजबूत होगा तो समाज के साथ राष्ट्र भी मजबूत होगा : आचार्य पवन त्रिपाठी




मुंबई (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र संगठन भारत की 15 वीं वर्षगांठ पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 18 अप्रैल की शाम कांदिवली पश्चिम के हर्ष क्लासिक बैंक्वेट में किया गया। इसमें समारोहाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर भारतीय संघ डॉ राधेश्याम तिवारी ने कहा कि संगठन भारत के डेढ़ दशक उल्लेखनीय रहे। यह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करता रहेगा। विशेष अतिथि यशोभूमि के संपादक श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि संगठन भारत स्वस्थ पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने वाला अखबार है। मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष व श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार मजबूत होगा तो समाज के साथ राष्ट्र भी मजबूत होगा। विधायक असलम शेख ने अखबार व संपादक राजकिशोर तिवारी की खूबियों की चर्चा की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ ओमप्रकाश तिवारी, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, वरिष्ठ पत्रकार नेहा पुरव, मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दूबे , पत्रकार आनंद मिश्र व मुंबई मित्र वृत्त मित्र के समूह संपादक अभिजीत राणे की खास उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों डॉ राधेश्याम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, उद्घोषक आनंद सिंह, कवि पत्रकार अभय मिश्र, अमित मिश्र, कवि अमर त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद हाल ही में दिवंगत हुए पत्रकार आशीष दीक्षित एवं ज्योतिषाचार्य पंडित राम प्रसाद मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के संचालन में हास्य कवि महेश दुबे, गीतकार एड राजीव मिश्र मधुकर, डॉ राज बुंदेली तथा सुश्री सुहाना नाज ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरेश मिश्र की बेटी के नाम खत और महेश दूबे की हास्य कविता विशेष रूप से सराही गई। कार्यक्रम में डॉ दयानंद तिवारी, प्रवक्ता मुंबई भाजपा का विशेष सम्मान किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर गिरिधर बलोधी, लेखक संजय सिंह निर्जल, पत्रकार विकास संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्र व श्रेष्ठ भारत के विशेष संपादक सुनील सिंह की उपस्थिति ने गरिमा प्रदान की। अतिथियों का स्वागत राज किशोर तिवारी, राकेश दुबे, रौनक तिवारी तथा बीना तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजकिशोर तिवारी ने संगठन भारत अखबार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा संगठन भारत के वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर सूर्यकांत उपाध्याय समाजसेवी एवं उद्योगपति, बयार के अनिल मिश्र, महेंद्र मिश्र डॉ बृजेश पांडेय, एड इंद्रपाल सिंह राष्ट्रवादी उत्तर मुंबई जिला अध्यक्ष, एड पी वी साटम, मुंबई हाईकोर्ट, विजय सिंह, वासुदेव पाटिल, नगरसेवक वीरेंद्र चौधरी व मोबिन सिद्दीकी, लालजी दुबे, पत्रकार विनोद यादव, उद्योगपति अखिलेश तिवारी,अभिषेक पाण्डेय आदि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्र, राकेश मणि तिवारी, संगीता दुबे,डॉ रोशनी किरण, पत्रकार इरफान, लेखक धीरज सिंह, वर्षा गर्ग, कवि लक्ष्मी कांत कमल नयन, परदे के पीछे के संपादक राजीव रोहित, कवि विनय शर्मा दीप, डॉ जितेन्द्र पाण्डेय, मुरारी सिंह, जटा शंकर तिवारी, अर्जुन कांबले आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से अभय मिश्र, धर्मेंद्र पांडेय, राकेश दुबे, बीना तिवारी, कविता साहनी, संजना मौर्य, राम किशोर तिवारी, जय शंकर तिवारी का योगदान रहा। संचालन राजेश विक्रांत ने किया। आभार प्रदर्शन राकेश दुबे ने किया।

## भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गयी महात्मा बसवेश्वर जयंती



भिवंडी (उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के 29.12.2025 के परिपत्र के अनुसार आज 19 अप्रैल 2026 को भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका मुख्यालय में महात्मा बसवेश्वर जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गयी। बतादें कि इस अवसर पर महानगरपालिका मुख्यालय के भूतल पर प्रभाग समिति क्रमांक 4 के सहायक आयुक्त गिरीधर घोष्टेकर के शुभ हस्तों से महात्मा बसवेश्वर की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण अभिवादन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा बसवेश्वर के विचारों को स्मरण करते हुए उनके सामाजिक समता, मानवता और न्याय के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। अपने संक्षिप्त संबोधन में सहायक आयुक्त घोष्टेकर ने महात्मा बसवेश्वर के जीवन और उनके समाज सुधारक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने में प्रेरणादायी हैं।

उन्होंने सभी को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के प्रमुख मिलिंद पलसुले, बसवेश्वर समाज की शिवा संगठन के पदाधिकारी, तथा मनपा के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी ने महात्मा बसवेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## आइटेल ने फीचर फोन के लिए काउंटर रिप्लेसमेंट ऑफर लॉन्च किया

मुंबई। अपनी मजबूती (ड्यूरेबिलिटी), भरोसे (रिलायबिलिटी) और कम दामों (अफोर्डेबिलिटी) के लिए मशहूर भारत के प्रमुख तकनीकी ब्रांड (टेक ब्रांड), आइटेल भारत में अपने शानदार 10 साल पूरे कर रहा है। आइटेल अब 15 करोड़ ग्राहकों के विशाल परिवार तक पहुँच गया है, जो इसके बदलाव भरे सफर में एक बड़ी उपलब्धि (माइलस्टोन) है। इस खुशी को दोगुना करने के लिए, आइटेल ने साधारण फोन (फीचर फोन) में किसी भी निर्माण दोष (मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट) के लिए 1 साल के 'काउंटर रिप्लेसमेंट' (बदली) की सुविधा पेश की है, जो देश भर के ग्राहकों के लिए एक बड़ा उपहार (बोनन्जा) है। पिछले दस सालों में, आइटेल ने कम कीमतों पर टिकाऊ और भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद पेश करके भारतीय ग्राहकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई है।

इस मौके पर आइटेल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), अरिजीत तलापात्रा ने कहा, ₹भारत में 10 साल पूरे करना और 15 करोड़ ग्राहकों का दिल जीतना हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। यह हमारे सहयोगियों (पार्टनर्स), टीम और ग्राहकों के अटूट साथ के बिना मुमकिन नहीं था। आज यह कामयाबी उस विश्वास को दिखाती है जो हमने इतने सालों में कमाया है। हमें फोन (फीचर फोन) के लिए 'काउंटर रिप्लेसमेंट' (बदली) शुरू करते हुए खुशी हो रही है, यह फैसला सीधे हमारे ग्राहकों की राय से निकला है। ग्राहकों का हर सुझाव और हर बातचीत हमारे नए प्रयोगों (इनोवेशन) को बेहतर बनाने में मदद करती है। जब हमने यह सफर शुरू किया था, तो हमारा मकसद उन लोगों तक तकनीक पहुँचाना था जो पहली बार डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# बन्द मकान में 40-50 लाख के आभूषण चोरी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर कोतवाली क्षेत्र के कटघरा मोहल्ले में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए करीब 40 से 50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण व कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी 8 अप्रैल को उस समय हुई जब गृहस्वामी का परिवार वापस घर लौटा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बदलापुर थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी अशोक उपाध्याय का कटघरा स्थित मकान है। वह अपने पुत्र अजय उपाध्याय व अमित उपाध्याय के साथ रोजगार के सिलसिले में बेंगलुरु में रहते हैं। मकान के निचले हिस्से में परिजन रहते हैं, जबकि ऊपरी मंजिल पर किराएदार निवास करते हैं।

बताया गया कि अजय उपाध्याय की पत्नी पूनम उपाध्याय अपनी सास आशा उपाध्याय व बच्चों के साथ जौनपुर स्थित घर में रह रही थीं। आशा उपाध्याय के

**मुकदमा दर्ज**

इलाज के लिए जनवरी में उन्हें बेंगलुरु ले जाया गया, जिसके चलते पूनम उपाध्याय 2 फरवरी को घर में ताला लगाकर अपनी पुत्री के साथ बेंगलुरु चली गईं।

8 अप्रैल को घर लौटने पर पीछे का दरवाजा टूटा मिला और बेडरूम में रखी तीनों आलमारियों के ताले टूटे पाए गए। आलमारियों में रखे सोने के आभूषण व कीमती साड़ियां गायब थीं। उन्होंने तत्काल यूपी-112 पर सूचना दी और परिजनों को भी अवगत कराया।

गृहस्वामी अशोक उपाध्याय के अनुसार, लगभग 350 ग्राम सोने के आभूषण, जिनमें कुछ हीरे के गहने भी शामिल हैं, चोरी हुए हैं। चोरी गए सामान की कीमत करीब 40 से 50 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरायपोख्ता चौकी प्रभारी राहुल रंजन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस चौकी के पास असलहा लहराने का वीडियो वायरल, पुलिस ने किया इनकार

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के सठियांव पुलिस चौकी के पास एक युवक द्वारा असलहा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में एक युवक खुलेआम हथियार लहराते हुए किसी को धमकी देता नजर



आ रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है। बताया जा रहा है कि जमीन के कमीशन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद दोनों ओर से पत्थरबाजी भी हुई।

हालांकि, सठियांव पुलिस चौकी प्रभारी ने इस वायरल वीडियो को क्षेत्र का नहीं बताया है। उनका कहना है कि वीडियो किसी अन्य स्थान का हो सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जमीन के लेन-देन को लेकर विवाद की सूचना जरूर मिली थी। पुलिस का कहना है कि संबंधित व्यक्ति की पहचान कर जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

# महिला व परिजनों से घर में घुसकर मारपीट

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के अलीगंज मोहल्ले में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर महिला और उसके परिजनों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिसके बाद एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के बुढवा बाबा अलीगंज मोहल्ला निवासी सरोजा देवी पत्नी शिवनारायण ने आरोप लगाया कि बीते 9 अप्रैल को पुरानी रंजिश के चलते दीपक मिश्रा,सीमा देवी, दृष्टि, सृष्टि, रामनारायन चौरसिया, पार्थ अस्थाना समेत अंकित कश्यप उत्सव वाटिका के पास एकजुट होकर उनके घर में घुस आए।

पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान

**पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**

सरोजा देवी और उनके बेटे को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि महिला को बाल पकड़कर घसीटा गया और लाठी-डंडों से हमला किया गया। वहीं, एक युवती द्वारा चाकू से वार करने की भी बात सामने आई है।

पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मारपीट में सोमा देवी को भी गंभीर चोटें आई हैं।

एसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने हृदय नारायण के पुत्र दीपक मिश्रा, उनकी पत्नी सीमा देवी, बेटियां दृष्टि व सृष्टि, चैरिया मोड़ निवासी रामनारायण चौरसिया, पार्थ अस्थाना व अंकित कश्यप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज.किया गया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ईडन पब्लिक स्कूल इमरानगंज (शाहगंज) का परिणाम शत-प्रतिशत, बेटियों का रहा दबदबा

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज तहसील क्षेत्र के इमरानगंज स्थित ईडन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई बोर्ड




कक्षा-10 सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस वर्ष छात्राओं का दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला। टॉप टेन में अधिकांश स्थान बेटियों ने हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की टॉपर नूर फातिमा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय का नाम रोशन किया।

**टॉप टेन छात्र-छात्राएं इस प्रकार हैं–**

नूर फातिमा- 94.6%, जैनब खान- 89.4%
शमा कैफ- 89.2%, हाजरा बानो- 86.6%
अमीना बानो- 86.4%, फराज अहमद- 85.6%
जैदान आरिफ- 83.2%, नाज फातिमा- 82%
मो. हमदान- 82%, जैयना शेख- 81.8%

विद्यालय के संस्थापक/चेयरमैन परवेज आलम 'भुट्टो' ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

उन्होंने उन छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित किया जो टॉप टेन में स्थान नहीं बना सके। कहा कि निराश होने की जरूरत नहीं है, बल्कि आगे और मेहनत कर इंटरमीडिएट में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।

साथ ही विद्यार्थियों को संदेश दिया कि मोबाइल फोन का उपयोग केवल शिक्षा से संबंधित कार्यों के लिए करें और अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि यही उम्र भविष्य निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण अवधि होती है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

# यूपी में स्मार्ट मीटर पर फिलहाल ब्रेक, शिकायतों के बाद जांच के आदेश

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लखनऊ उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर फिलहाल अस्थायी रोक लगा दी गई है। यह निर्णय उपभोक्ताओं की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि कई उपभोक्ताओं ने अधिक बिजली बिल आने, मीटर की तकनीकी खामियों और नेटवर्क संबंधी समस्याओं की शिकायत की थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने जांच पूरी होने तक मीटर बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा



दी है। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है। यह समिति स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिलिंग सिस्टम और तकनीकी गुणवत्ता की गहन जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। ऊर्जा विभाग के अनुसार, जांच पूरी होने तक न तो नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे और न ही पुराने मीटर बदले जाएंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। स्पष्ट किया गया है कि स्मार्ट मीटर योजना को बंद नहीं किया गया है, बल्कि पारदर्शिता और उपभोक्ताओं की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए यह अस्थायी कदम उठाया गया है।

# फेसबुक विज्ञापन के झांसे में युवक से 75,800 की ठगी, केस दर्ज

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सोशल मीडिया पर दिए जा रहे आकर्षक विज्ञापनों के जरिए साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला नगर के नई आबादी मोहल्ले का है। जहां एयर इंडिया से जुड़ी मेंबरशिप और फ्लाइट टिकट पर छूट का लालच देकर एक व्यक्ति से 75,800 रुपये ठग लिए गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच मामले की जांच में जुटी है। नई आबादी निवासी डा. शर्फुद्दीन आजमी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अप्रैल 2026 में उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में ह्लमहाराजा क्लबह्व की मेंबरशिप दिलाने और एयर इंडिया की फ्लाइट टिकट पर 3000 रुपये तक की छूट देने का दावा किया गया था। विज्ञापन से प्रभावित होकर उन्होंने दिए गए नंबर पर संपर्क किया।

आरोप है कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए एक व्यक्ति ने खुद को एयर इंडिया का अधिकारी बताते हुए भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने एक मोबाइल एप डाउनलोड कराकर स्क्रीन शेयर/रिमोट एक्सेस के जरिए उनके फोन का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने प्रक्रिया के नाम पर पहले क्यूआर कोड स्कैन कराकर 100 रुपये ट्रांसफर कराए। इसके कुछ ही मिनट बाद उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 75,800 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। बैंक से संदेश मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला।

पीड़ित ने बताया कि यह रकम यूपीआई के माध्यम से अशोक पंचल नामक व्यक्ति के खाते में भेजी गई। घटना के तुरंत बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दी और बैंक को भी अवगत कराया, ताकि रकम वापस कराई जा सके। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी अशोक पंचल व अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर आने वाले किसी भी आकर्षक ऑफर या लिंक पर बिना जांच-परख के भरोसा न करें और किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल का एक्सेस न दें।

# 545 सीटों के भीतर ही लागू हो 33% महिला आरक्षण: मो.अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पीडए भवन, कटघरा जौनपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक जौनपुर सदर मोहम्मद अरशद खान ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना समय की मांग है, लेकिन इसके लिए सीटों की संख्या बढ़ाना उचित नहीं होगा। वर्तमान में मौजूद 545 लोकसभा सीटों के भीतर ही यह आरक्षण लागू किया जाना चाहिए, जिससे अनावश्यक आर्थिक बोझ और प्रशासनिक जटिलताओं से बचा जा सके।

अरशद खान ने कहा कि महिला आरक्षण केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक सामाजिक न्याय




पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आरक्षण में सामाजिक संतुलन नहीं रखा गया, तो यह व्यवस्था कुछ वर्गों तक सीमित रह जाएगी और समानता का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। इसलिए महिला आरक्षण को 'समावेशी आरक्षण' के रूप में लागू किया जाना चाहिए।

अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस विषय पर गंभीरता से विचार कर ऐसा कानून बनाए जो आर्थिक रूप से व्यावहारिक, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप हो।

# शाही पुल की बदहाली का जिम्मेदार मौन, उगते पेड़ बने खतरे की घंटी

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद की ऐतिहासिक पहचान शाही पुल इन दिनों उपेक्षा और लापरवाही का शिकार बना हुआ है। पुल के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर गुमटियों और नीचे के भाग में पीपल, बरगद और पक्कड़ जैसे पेड़ उग आए हैं, जिनकी जड़ें धीरे-धीरे इसकी नींव को कमजोर कर रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि समय रहते इन पेड़ों को नहीं हटाया गया, तो पुल की संरचना को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। वहीं पुल पर बढ़ते अतिक्रमण और फैली गंदगी ने



इसकी ऐतिहासिक सुंदरता को भी प्रभावित किया है, जिससे यह धरोहर बदहाली की कगार पर पहुंचती नजर आ रही है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर अब तक कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों और इतिहासकारों का मानना है कि शाही पुल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। ऐसे में इसका संरक्षण और समय-समय पर रखरखाव अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए, उगे हुए पेड़ों को नियंत्रित कर पुल की मरम्मत कराई जाए और इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि इसकी पहचान और अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सके।

# छात्र-छात्राओं के सपनों को रफ्तार देने का माध्यम है साइकिल: राकेश मौर्य

## धर्मा देवी महाविद्यालय में 108 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के धर्मा देवी महाविद्यालय बेलपार, उटरू कला, बक्शा में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विकास यादव (प्रबंधक)जी के विशेष प्रयास से एनजीओ द्वारा समारोह आयोजित कर 108 साइकिलों का वितरण छात्रछात्राओं को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रबंधक समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास यादव ने मुख्य अतिथि ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य का बुके देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात साइकिल वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं में साइकिल वितरण से शिक्षा की राह आसान बनेगी दूर दराज से पैदल आने वाले बच्चों के लिए साइकिल मिलने से सफर आसान होगा जिससे पढ़ाई पर मन केंद्रित होगा।

मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि यह साइकिल केवल लोहे का ढांचा नहीं, बल्कि आपके सपनों को



रफ्तार देने का एक माध्यम है।

जैसे साइकिल को आगे बढ़ाने के लिए पैडल मारना पड़ता है, वैसे ही जीवन में सफल होने के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। हम चाहते हैं कि आप आत्मनिर्भर बनें और आत्मविश्वास के साथ अपने उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ें।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहाकि मुझे विश्वास है कि आप इसका सही उपयोग करेंगे और अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन की भी प्रशंसा किया।

108 साइकिल पाकर छात्र एवं छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस शानदार आयोजन में मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रशासन एवं रोहित यादव, मंगला यादव,सौरभ द्विवेदी, प्रदीप विश्वकर्मा, रविन्द्र मौर्य, अरुण यादव प्रधान ऊंटरुकला आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे। अंत में धर्मा देवी महाविद्यालय के प्रबंधक समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सनबीम स्कूल जौनपुर के 'सुपर 30' छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सनबीम स्कूल जौनपुर के 'सुपर 30' बैच के छात्रों ने इस वर्ष हाई स्कूल




सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

इस वर्ष की परीक्षा में श्रिया जायसवाल ने 97.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिव्यांश सिंह ने 97.4% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा अनन्या उपाध्याय ने 97.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, समर्पण और सही दिशा का परिणाम है।

विद्यालय की निदेशक डॉ. शोभा सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्या मोनिका सिंह ने कहा कि 'सुपर 30' कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना है, जिसमें विद्यालय को निरंतर सफलता मिल रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया तथा उनके अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विशाल सेठ, अंशुमान सिंह, हनुमंत तिवारी, शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# अप्रैल में ही जून जैसी तपिश, पारा 44 डिग्री के पार, जनजीवन बेहाल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रदेश में अप्रैल माह के मध्य में ही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जिससे मौसम ने जून जैसी तपिश का एहसास करा दिया है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग



जरूरी काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ में कमी साफ देखी जा रही है। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी और लू लगने जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, आने वाले 48 घंटों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान दोपहर में बाहर निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा धूप से बचाव के उपाय अपनाएं।

# अक्षय तृतीया पर बिंदु माधव मंदिर में विशेष पूजन और आरती, देश की समृद्धि व पर्यावरण संरक्षण की किया कामना

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद में नमामि गंगे के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर काशी के प्राचीन बिंदु माधव मंदिर में रविवार को भव्य पूजन और आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान विष्णु के बिंदु माधव स्वरूप, माता लक्ष्मी और भगवान गणेश का विधिवत पूजन-अर्चन कर देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। श्रद्धालुओं और आयोजकों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ भगवान विष्णु की आराधना की। ह्लॐ नमो भगवते वासुदेवायश्, श्ॐ नमो नारायणायश् सहित विभिन्न मंत्रों के जाप से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। साथ ही देश के उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। पूजन के बाद नमामि गंगे की टीम ने पंचगंगा घाट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस दौरान लोगों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या और संस्कार का हिस्सा बनाने की अपील की गई। अभियान में शामिल कार्यकताओं ने घाट परिसर की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक और नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि देश और



समाज के कल्याण के लिए एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने भगवान विष्णु से प्रार्थना करते हुए कहा कि देश को हर संकट से बचाएं, नागरिकों को स्वस्थ और खुशहाल रखें तथा भारत की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करें। इस अवसर पर बिंदु माधव मंदिर के महंत पंडित मुरलीधर पटवर्धन सहित वीरेंद्र सिंह, सुशील दीक्षित, अभिजीत सिंह, आनंद सिंह, उज्जवल और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया 5वां वार्षिकोत्सव

## सूर्यबली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिखा सभ्यता व संस्कृति का संगम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के मियांपुर स्थित सूर्यबली सिंह पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 5वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता अवकाशप्राप्त पुलिस अधीक्षक राम मोहन सिंह ने की, जबकि





विशिष्ट अतिथियों में त्रिवेणी सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश एवं सरस्वती वंदना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। योगा नृत्य, घूमर नृत्य, महाभारत नाटक तथा जूलियस सीजर नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश चन्द्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए संघर्ष, मेहनत और निरंतर सीखना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रेरणादायक पंक्तियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सीख दी। साथ ही उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान ही वह संपत्ति है जिसे कोई भी कभी छीन नहीं सकता। विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक प्रो. एसपी सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रबंध समिति के सचिव विजेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्था विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्तम संस्कार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अंत में निदेशक कुशाग्र सिंह एवं शिवम सिंह ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. ममता सिंह, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. बृजेन्द्र सिंह, डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, राकेश सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नवाब यूसुफ रोड पर खौलते भगौनों से खतरा, हादसे की आशंका बढ़ी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना कोतवाली क्षेत्र के नवाब यूसुफ रोड पर मीरमस्त जाने वाले नाले के पास सड़क किनारे अवैध रूप से भट्ठी लगाकर मिष्ठान व समोसे की दुकान चलाई जा रही है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। दुकानदार द्वारा जलती लकड़ी और कोयले की भट्ठी पर खुले में बड़े भगौनों में आलू उबाले जा रहे हैं, जो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।



यह मार्ग शहर के प्रमुख और अत्यंत व्यस्त मार्गों में शामिल है। उत्तर दिशा में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज व इंटर कॉलेज, दक्षिण में कोतवाली और शाही पुल, पश्चिम में साजिदा गर्ल्स कॉलेज तथा पूरब की दिशा में सब्जी मंडी और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं। ऐसे में सड़क किनारे खौलते पानी से भरे भगौनों का उपयोग राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर इन भट्टियों के पास पहुंच चुके हैं और बाल-बाल बचे हैं। यदि कोई व्यक्ति या वाहन चालक गिर जाए तो खौलते पानी से गंभीर रूप से झुलसने की आशंका है। फिलहाल संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे इस तरह की खतरनाक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## माटुंगा रोड क्रमांक 4 का नामकरण बाबू स्वर्गीय मिठाई लाल सिंह के नाम पर प्रस्ताव हुआ पारित

– प्रेम चंद मिश्रा

**मुंबई (उत्तरशक्ति)** उत्तर भारतीय समाज के गौरव एवं आर्य समाज रत्न श्रद्धेय बाबू स्वर्गीय श्री मिठाईलाल सिंह की पावन स्मृति में माटुंगा पूर्व स्थित रोड क्रमांक 4 का नामकरण मिठाईलाल सिंह मार्ग के रूप में करने का प्रस्ताव महानगरपालिका में सर्वसम्मति से पारित किया गया है। यह निर्णय संपूर्ण उत्तर भारतीय समाज के लिए अत्यंत गौरव एवं सम्मान का विषय है। स्वर्गीय श्री मिठाईलाल सिंह का जन्म 18 जनवरी 1930 को जनपद वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के ग्राम अकोढ़ा में हुआ था। अल्पायु में ही मुंबई आगमन के पश्चात उन्होंने शिक्षा, समाज सेवा, राजनीति एवं सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

वे आर्य समाज माटुंगा के प्रमुख स्तंभ रहे, जहाँ उन्होंने प्रधान एवं महामंत्री के रूप में दीर्घकालीन सेवाएँ प्रदान कीं। उनके मार्गदर्शन में अनेक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना एवं विकास हुआ, जिससे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवर रहा है।

आप मुंबई प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष (1962-1965) रहे तथा आप उत्तर भारतीय संघ मुंबई के आजीवन ट्रस्टी तथा वर्ष 1988 से वर्ष 1998 तक उत्तर भारतीय संघ मुंबई के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। आपके अथक प्रयास से उत्तर भारतीय संघ को महाराष्ट्र सरकार द्वारा अलॉट भूखंड की कीमत का भुगतान आपके सक्रिय योगदान से हुआ जिसके परिणाम स्वरूप आज उत्तर भारतीय संघ का भवन एवं विद्यालय एवम महाविद्यालय अपनी प्रगति पर है। सामाजिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। इसके अतिरिक्त, आपने आर्य प्रतिनिधि सभा मुंबई एवं सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में शीर्ष पदों पर रहते हुए समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहकारिता क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके अथक प्रयासों से स्थापित प्रताप को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई ने मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस ऐतिहासिक नामकरण के लिए श्रीमती सुमिता सुमन सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ, जिनके प्रयासों से यह गौरवपूर्ण कार्य संभव हो सका। ज्ञातव्य है कि मिठाईलाल सिंह मार्ग का उद्घाटन शीघ्र ही किया जाएगा। उद्घाटन की तिथि, दिन एवं समय की सूचना सभी समाजजनों को समयानुसार प्रदान की जाएगी। समस्त समाजजनों से विनम्र अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य एवं सफल बनाएं। यह उपलब्धि समस्त उत्तर भारतीय समाज के लिए गर्व का विषय है और हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। दैनिक उत्तर शक्ति परिवार की ओर से इस पुनीत कार्य हेतु पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

## ताड़ के पेड़ से गिरकर बिहार के युवक की मौत

शुभम कुमार यादव

**गौराबादशाहपुर,जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** गौराबादशाहपुरः थाना क्षेत्र के रामनगर बिशुनपुर बसवत गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में ताड़ के पेड़ से गिरकर बिहार के एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बिहार के गया जनपद के इटरी थाना क्षेत्र स्थित पुनार गांव निवासी उपेंद्र (30) पुत्र गोगा यहां ताड़ी निकालने का कार्य करता था। रविवार को वह गांव में एक ताड़ के पेड़ पर चढ़कर सफाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर ऊंचाई से जमीन पर गिर पड़ा। गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची गौराबादशाहपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर

## परियांवा गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग, मचा हड़कंप

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के परियांवा गांव में रविवार को अचानक अज्ञात कारणों से आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग तेजी से फैलने के कारण कुछ समय तक स्थिति भयावह बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग को भी अवगत कराया गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## मिजार्पुर में लापरवाही पर कृषि सहायक विकास अधिकारी निलंबित

**मिजार्पुर ( उत्तरशक्ति )।** फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कृषि विभाग के एक अधिकारी पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कोन ब्लॉक में तैनात कृषि सहायक विकास अधिकारी जय प्रकाश प्रजापति को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर की गई। उप कृषि निदेशक विकेश पटेल द्वारा जांच के बाद कार्य में शिथिलता और अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर निलंबन आदेश जारी किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास, उपचार के बाद घर लौटा

जितेन्द्र कन्नौजिया

**केराकत, जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** नगर पंचायत केराकत के सिपाह प्रथम वार्ड नंबर 9 में एक नाबालिग युवक द्वारा आत्महत्या के प्रयास की घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार समीर कुरैशी (16 वर्ष) पुत्र सुकरू कुरैशी ने किसी बात से आहत होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल युवक को नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बताया जाता है कि समीर शेखजादा रोड स्थित एक दुकान पर नानरोटी बनाने का कार्य करता था। घटना के बाद मोहल्ले व बाजार क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। जिला चिकित्सालय में इलाज के बाद युवक की हालत में सुधार हुआ, जिसके बाद परिजन उसे घर ले आए। युवक के घर लौटने के बाद उसे देखने के लिए मोहल्ले व आसपास के लोगों का तांता लगा रहा। घटना को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी है।

## उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा के पुत्र धीरेंद मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया

मुम्बई (उत्तरशक्ति)। माटुंगा निवासी धिरेंद प्रेम चंद मिश्रा एक सरल सौम्या , विवेकवान, मृदु भाषी , विनम्र , ऊजार्वान, धिरेंद मिश्रा का जन्मदिन दिनांक 18 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को उनके निवास स्थान अंधेरी में बड़े धूमधाम से मनाया गया। बता दे धिरेंद मिश्रा दैनिक उत्तरशक्ति के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा के पुत्र हैं । वह थाणे टीसीएस में कार्यरत हैं। इस मौके पर परिवार और मित्र गण के सभी सदस्य मौजूद थे। पत्नी शैली मिश्रा, भाई शिक्षक शैलेंद्र मिश्रा, भाभी रोशनी मिश्रा , दिशा मिश्रा, काका फूल चंद मिश्रा, सीमा मिश्रा ने आशीर्वाद प्रदान किया। उसी तर्ज पर जनपद जौनपुर पवांरा बाजार स्थित आवास पर केक काट कर माता लीलावती मिश्रा , बड़ी मां सावित्री मिश्रा, पिता प्रेम चंद मिश्रा, ब्रह्मदेव मिश्रा, भाई विष्णु कांत मिश्रा पत्रकार, अरविंद मिश्रा, प्रशांत मिश्रा , अनूज ,छोटू मिश्रा, विजय चंद मिश्रा, उर्मिला (बबिता मिश्रा), रितिका, भाभी आरती विष्णु कांत मिश्रा, अक्षत मिश्रा ( येशू), गुड़िया तिवारी, आयुश तिवारी, आदित्य, निष्ठा, रितिका, ने भी जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पिता प्रेम चंद मिश्रा ने जन्मदिन पर आशिर्वाद प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। दैनिक उत्तरशक्ति संपादक ओमप्रकाश प्रजापति, पत्रकार राजकुमार अग्रहरि के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। दैनिक उत्तर शक्ति संपादक ओम प्रकाश प्रजापति व पिता दैनिक उत्तरशक्ति के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्र ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मृग के कस्तुरी की सुगंध के भांति , धिरेंद मिश्रा आप की किर्ति की सुगंध चारों दिशाओं में फैले । जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

## तेग बहादुर तपोस्थली के पर्यटन विकास व सड़क निर्माण का शिलान्यास

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** रविवार को चाचकपुर स्थित गुरु तेग बहादुर साहेब तपोस्थली, जो मां गोमती नदी के पावन तट पर स्थित है और जनपद के सिख समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, के पर्यटन विकास कार्य का शिलान्यास खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव द्वारा किया गया। इस दौरान चाचकपुर से तपोस्थली तक जाने वाले सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।



पर्यटन विकास योजना के तहत तपोस्थली के लिए 91.64 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस कार्य को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जाएगा। वहीं चाचकपुर (सिपाह) से तपोस्थली तक सड़क निर्माण के लिए 64.73 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरा किया जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहेब की यह तपोस्थली सिख समाज के लिए अत्यंत आस्था का केंद्र है। उन्होंने बताया कि लगभग 1670 के आसपास गुरु तेग बहादुर साहेब ने यहां तप किया था। उन्होंने कहा कि पहले यहां पहुंचने का मार्ग ठीक नहीं था, लेकिन अब सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और पर्यटन विकास के तहत यहां हॉल निर्माण, बाउंड्री, सुंदरीकरण, पौधरोपण और सोलर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि जनता के स्नेह और आशीर्वाद से वह विधायक और मंत्री बने हैं और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि पुल निर्माण, घाटों का सुंदरीकरण, सड़कों का विस्तार, बाईपास निर्माण, ओवरब्रिज, अंडरपास, एसटीपी, खेल सुविधाओं का विकास सहित कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार कुलवंत सिंह छाबड़ा ने की, जबकि संचालन सरदार जसविंदर सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सारिका सोनी, कमलेश निषाद, दिनेश सेठी, राजेश जावा, रिंकू सिंह, मनीष श्रीवास्तव, ब्रह्मेश शुक्ला, नंदलाल यादव, वसंत प्रजापति, दीपक सिंह मंटो, पीयूष सिंह, सुनील यादव, जटाशंकर एवं सचिन सोनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जौनपुर में भव्य आयोजन, प्रेक्षागृह में गूंजा हर-हर महादेव

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। शासन के निर्देश के क्रम में सोमनाथ स्वाभिमान पर्वह्व के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा परिसर शिवमय और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मा० विधायक मड़ियाहूं डॉ० आर०के० पटेल, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। प्रमुख मंदिरों के महंतों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।



सोमनाथ मंदिर (गुजरात) पर हुए ऐतिहासिक आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा का अनावरण एवं पूजन किया गया। साथ ही सोमनाथ मंदिर के छायाचित्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण झांकी, शिव तांडव सहित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

लखनऊ में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया तथा उनके संबोधन को सुना गया।

मा० विधायक ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जिसका पुनरुद्धार हमारी सांस्कृतिक शक्ति का परिचायक है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी विरासत का संरक्षण हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आधारित बुकलेट का अवलोकन भी किया गया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रेक्षागृह ह्लहर हर महादेवह्व के उद्घोष और भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में शिक्षिका प्रीति श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इसी क्रम में जनपद के सभी तहसीलों एवं विकास खंडों में स्थित प्रमुख शिवालयों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## एमडीए बोर्ड में नामित सदस्यों को बदलने की तैयारी शुरू

मुरादाबाद

एमडीए बोर्ड के पुराने सदस्यों को बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए भाजपा ने भी जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी है। अब दो की जगह बोर्ड में तीन सदस्य चयनित किए जाएंगे। इस मामले में आधा दर्जन पार्टी के नेता बोर्ड का सदस्य बनने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

एमडीए बोर्ड में वर्तमान समय में राजू कालरा और विकास जैन सदस्य हैं। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होता है लेकिन वर्तमान सदस्य छह साल से हैं। भाजपा महानगर गिरीश भंडूला ने बताया कि अभी एमडीए बोर्ड के लिए सदस्यों के नाम नहीं भेजे गए हैं।

इस मामले में पार्टी के अंदर मंथन चल रहा है। पार्टी की तरफ से तीन नाम क्षेत्रीय अध्यक्ष को भेजे जाएंगे। शासन तीनों सदस्यों को नामित करेगा। पार्टी के आधा दर्जन नेता बोर्ड का सदस्य बनने के लिए अपनी पैरवी कर रहे हैं।

काफी समय से एमडीए बोर्ड में सदस्य बदले नहीं गए हैं। अब नए लोगों को भी बोर्ड में जाने का अवसर मिलेगा। जनता की आवाज रखने के लिए एमडीए बोर्ड काफी अहम है। बोर्ड के सदस्य ही एमडीए उपाध्यक्ष के साथ बैठकर प्रस्ताव पास करेंगे।

आवश्यकता पड़ने पर बोर्ड के सदस्य अधिकारियों से अलग अपनी राय प्रकट कर सकते हैं। बोर्ड के सदस्यों के सवाल पर अधिकारी मंथन करते हैं।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन मजदूरों की मौत

(उत्तरशक्ति)




मिजार्पुर। मिजार्पुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के मिजार्पुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर शनिवार की देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। देवरी कला गांव के पास स्थित धर्मकांटा के सामने अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों के शिनाख्त में जुट गई। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के रामपुर 33 गांव निवासी विजय (40), देवेंद्र (38), राजेश (41) शनिवार की देर रात मड़िहान के ददरी स्थित निमार्णाधीन अदाणी मेगा पावर प्लांट से मजदूरी कर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही देवरी कला गांव के सामने धर्मकांटा के पास पहुंचे थे कि सोनभद्र की तरफ से सामने से आ रहे कोयला लदे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक से कुचलकर तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मड़िहान थाना पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। मड़िहान पुलिस ट्रक कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मड़िहान थाना अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

## केवाल में ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती



सुशील कुमार तिवारी

**कोन,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कोन थाना क्षेत्र के केवाल गांव में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की प्रतिमा के गंगाजल से विधि-विधानपूर्वक अभिषेक के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अंग वस्त्र, यज्ञोपवीत, तिलक-चंदन अर्पित कर माल्यार्पण किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पूजा-अर्चना के उपरांत भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए धर्म, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी (पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी) ने कहा कि अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है, जो अन्याय के अंत और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। इस अवसर पर शशांक मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, अनुपम त्रिपाठी, सतीश तिवारी, विद्यानंद तिवारी, वाचस्पति त्रिपाठी, संजय चतुर्वेदी, संदीप, कृपानंद तिवारी, अमरेश पाण्डेय, दिलीप त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी हृदय निवास पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सहभागिता और श्रद्धा के साथ हुआ।

## मछलीशहर में परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अरशद अली

**मछलीशहर,जौनपुर** (उत्तरशक्ति)। परशुराम जयंती के अवसर पर रविवार को मछलीशहर क्षेत्र में भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगराबादशाहपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अजय शंकर दुबे शामिल हुए। उनके नेतृत्व में मछलीशहर रोडवेज से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और जगह-जगह स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पंडित शेरू तिवारी (भाजपा नेता) रहे, जबकि सह



आयोजक के रूप में सौरभ सिंह तथा सहयोगी के रूप में अभिषेक यादव और राज तिवारी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर वंदना पटेल (जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी), राजन शुक्ला (जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी), राहुल चौरसिया (भावी प्रधान प्रत्याशी), रोशन दुबे (सिद्धि विनायक हीरो एजेंसी) एवं प्रदीप कुमार चौधरी (भावी प्रधान पद प्रत्याशी) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण बना रहा।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 9 प्रतिशत बढ़कर 19,221 करोड़ रुपये

पटना। भारत के अग्रणी निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि उसने मार्च तिमाही में 19,221 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में दर्ज किए गए 17,616 करोड़ रुपये से 9 प्रतिशत अधिक है। ऋणदाताओं की ब्याज आय 76,610 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 77,460 करोड़ रुपये की तुलना में 1.1 प्रतिशत की कमी दशार्ती है। निदेशक मंडल ने शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन, 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए 1 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 13.00 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2026 के लिए कुल लाभांश प्रति शेयर 15.50 रुपये हो गया है।

लाभांश के लिए पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने की रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 19 जून, 2026 निर्धारित की गई है। कंपनी की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 33,082 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 32,006 करोड़ रुपये की तुलना में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। परिचालन लाभ 27,802 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 26,537 करोड़ रुपये से 4.8 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही के लिए प्रावधान घटकर 2,609 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3,193 करोड़ रुपये था, यानी इसमें 18 प्रतिशत की कमी आई है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 1.15 प्रतिशत तक सुधर गया, जबकि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में यह 1.24 प्रतिशत था।

इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए (एनएनपीए) अनुपात पिछली तिमाही के 0.42 प्रतिशत से घटकर 0.38 प्रतिशत हो गया। कंपनी का जीएनपीए चौथी तिमाही में घटकर 34,061.2 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 35,179 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2026 के लिए परिसंपत्तियों पर प्रतिफल 1.94 प्रतिशत रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज किए गए प्रतिफल से 1.91 प्रतिशत अधिक है।

## प्रेमी को फोन कर लगाया फंदा, पति से अलग रहती थी



मऊ। मऊ के सरायलखंसी थाना क्षेत्र स्थित भुजौटी के तथागत होटल में रविवार सुबह एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गाजियाबाद निवासी भावना शर्मा (26) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार भावना शर्मा अपने प्रेमी के साथ होटल में ठहरी हुई थी। शुरूआती जानकारी में सामने आया कि करीब आठ माह पहले उसका अपने पति से विवाद हो गया था, जिसके बाद दोनों अलग रहने लगे थे। इसी दौरान उसकी मुलाकात हरियाणा निवासी शक्ति सिंह से हुई और दोनों साथ रहने लगे। हाल ही में दोनों पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के सिलीगुड़ी में मृतका की मां के घर गए थे और वहां से तीन दिन पहले मऊ पहुंचे थे। प्रेमी के मुताबिक शनिवार दोपहर वह किसी काम से वाराणसी गया था। इसी बीच भावना ने फोन कर उसे जल्द लौटने के लिए कहा और देर होने पर आत्महत्या की धमकी दी। प्रेमी ने बताया कि जब वह रात में होटल पहुंचा तो उसने देखा कि भावना कमरे में फंदे से लटकी हुई थी। होटल कर्मचारियों की मदद से उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने होटल कर्मचारियों और मृतका के प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू की जांच कर रही है। मृतका का चार वर्षीय बेटा भी है, जिसका नाम अनमोल बताया गया है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रेमी से पूछताछ की जा रही है और मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उसका भाई मौके पर आने वाला है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने के बाद आगे की






## नगरसेवक महेश सरवनकर का जन्मदिन मनाया गया



वसई रोड। वसई रोड मंडल अध्यक्ष एवं नगरसेवक महेश सरवनकर का जन्मदिन वसई रोड स्थित मध्यवर्ती कार्यालय, दीनदयाल नगर में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वसई की विधायक श्रीमती स्नेहा दुबे पंडित, नवीन दुबे एवं उनके परिवार ने उपस्थित रहकर श्री सरवनकर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता भानुशाली दादा भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी शुभेच्छाएं प्रकट कीं। कार्यक्रम में महेश सरवनकर के माता-पिता ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया। साथ ही वसई मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग एवं बोर्ड नंबर 23 के भाजपा सहित अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना की। विशेष रूप से भाजपा 97 वार्ड कार्यालय के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उत्तर शक्ति न्यूज के रिपोर्टर नरेंद्र सोनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सरवनकर का सम्मान किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण और उल्लासमय बना रहा।

## संगठन भारत अखबार की 15वीं वर्षगांठ पर बही काव्य की रसधार

मुंबई। राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र संगठन भारत की 15 वीं वर्षगांठ पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 18 अप्रैल की शाम कांदिवली पश्चिम के हर्ष क्लासिक बैंक्वेट में किया गया। इसमें समारोहाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर भारतीय संघ डॉ राधेश्याम तिवारी ने कहा कि संगठन भारत के डेढ़ दशक उल्लेखनीय रहे। यह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करता रहेगा। विशेष अतिथि यशोभूमि के संपादक श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि संगठन भारत स्वस्थ पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने वाला अखबार है। मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष व श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार मजबूत होगा तो समाज के साथ राष्ट्र भी मजबूत होगा। विधायक असलम शेख ने अखबार व संपादक राजकिशोर तिवारी की खूबियों की चर्चा की।




कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ ओमप्रकाश तिवारी, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, वरिष्ठ पत्रकार नेहा पुरव, मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दूबे, पत्रकार आनंद मिश्र व मुंबई मित्र वृत्त मित्र के समूह संपादक अभिजीत राणे की खास उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों डॉ राधेश्याम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, उद्घोषक आनंद सिंह, कवि पत्रकार अभय मिश्र, अमित मिश्र, कवि अमर त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद हाल ही में दिवंगत हुए पत्रकार आशीष दीक्षित एवं ज्योतिषाचार्य पंडित राम प्रसाद मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के संचालन में हास्य कवि महेश दुबे, गीतकार एड राजीव मिश्र मधुकर, डॉ राज बुंदेली तथा सुश्री सुहाना नाज ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुरेश मिश्र की बेटी के नाम खत और महेश दुबे की हास्य कविता विशेष रूप से सराही गई। कार्यक्रम में डॉ दयानंद तिवारी, प्रवक्ता मुंबई भाजपा का विशेष सम्मान किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर गिरिधर बलोधी, लेखक संजय सिंह निर्जल, पत्रकार विकास संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्र व श्रेष्ठ भारत के विशेष संपादक सुनील सिंह की उपस्थिति ने गरिमा प्रदान की। अतिथियों का स्वागत राज किशोर तिवारी, राकेश दुबे, रौनक तिवारी तथा बीना तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजकिशोर तिवारी ने संगठन भारत अखबार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा संगठन भारत के वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सूर्यकांत उपाध्याय समाजसेवी एवं उद्योगपति, बयार के अनिल मिश्र, महेंद्र मिश्र डॉ बृजेश पांडेय, एड इंद्रपाल सिंह राष्ट्रवादी उत्तर मुंबई जिला अध्यक्ष, एड पी वी साटम, मुंबई हाईकोर्ट, विजय सिंह, वासुदेव पाटिल, नगरसेवक वीरेंद्र चौधरी व मोबिन सिद्दीकी, लालजी दुबे, पत्रकार विनोद यादव, उद्योगपति अखिलेश तिवारी, अभिषेक पाण्डेय आदि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्र, राकेश मणि तिवारी, संगीता दुबे, डॉ रोशनी किरण, पत्रकार इरफान, लेखक धीरज सिंह, वर्षा गर्ग, कवि लक्ष्मी कांत कमल नयन, परदे के पीछे के संपादक राजीव रोहित, कवि विनय शर्मा दीप, डॉ जितेन्द्र पाण्डेय, मुरारी सिंह, जटा शंकर तिवारी, अर्जुन कांबले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से अभय मिश्र, धर्मेंद्र पांडेय, राकेश दुबे, बीना तिवारी, कविता साहनी, संजना मौर्य, राम किशोर तिवारी, जय शंकर तिवारी का योगदान रहा। संचालन राजेश विक्रांत ने किया। आभार प्रदर्शन राकेश दुबे ने किया।

## पीएनबी ने 160 से अधिक केंद्रों पर एक दिवसीय 'मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम' आयोजित किया

मुंबई। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी), सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, ने पूरे भारत में 160 से अधिक शहरों पर एक दिवसीय 'मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम' का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिए सस्ता सुविधाजनक रिटेल फाइनेंसिंग साल्यूशन्स तक पहुंच को बढ़ाना है। बैंक के व्यापक नेटवर्क में एक साथ शुरू किया गया यह कार्यक्रम रिटेल ऋण उत्पादों के एक विस्तृत संग्रह को एक ही मंच पर लाता है। इसे प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, न्यूनतम दस्तावेजीकरण और त्वरित प्रोसेसिंग समय के जरिए ऋण तक पहुंच को सरल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी वित्तीय आकांक्षाओं को सहजता से पूरा कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहकों को आकर्षक दरों पर विभिन्न खुदरा ऋण उत्पाद पेश किए गए, जिनमें शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए पीएनबी ने क्यूआर कोड-आधारित इंस्टेंट लोन एप्लीकेशन की सुविधा शुरू की है, जिससे ग्राहक अपने मोबाइल उपकरणों का उपयोग करके निर्बाध रूप से आवेदन कर सकते हैं। इस पहल पर अपने संबोधन में पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक श्री फिरोज हसनैन ने कहाः मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम हमारे ग्राहकों को सरल, किफायती और सुलभ ऋण साल्यूशन्स के साथ सशक्त बनाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अपने सशक्त शाखा नेटवर्क और डिजिटल क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम ऋण लेने के अनुभव को सरल बना रहे हैं और ग्राहकों को अधिक सहजता और आत्मविश्वास के साथ अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बना रहे हैं। इस कार्यक्रम का संचालन देश भर में कई स्थानों पर किया गया, और व्यापक पहुंच और व्यक्तिगत सहायता सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं और आउटरीच शिविरों में समर्पित सहभागिता गतिविधियों द्वारा इसे समर्थन दिया गया है। ग्राहकों को पीएनबी वन ऐप के माध्यम से मौके पर ही परामर्श, तत्काल पात्रता मूल्यांकन और संपूर्ण डिजिटल आवेदन सुविधाओं का लाभ भी मिला। इस पहल के साथ पीएनबी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है और देश भर के करोड़ों लोगों के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय भागीदार होने की अपनी विरासत को पुख्ता करता है।

## एलटीटी-सूबेदारगंज समर स्पेशल 12 घंटे लेट, यात्रियों को झेलनी पड़ी भारी परेशानी




-मनोज राय

मुंबई (उत्तरशक्ति)। मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन जाने वाली 04116 एलटीटीझ्रसूबेदारगंज समर स्पेशल ट्रेन यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई। यह ट्रेन अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगभग 12 घंटे की देरी से चली। जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल की रात 10:50 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन निर्धारित समय से करीब 4 घंटे देरी से, सुबह लगभग 3 बजे रवाना हुई। यात्रियों को देर रात तक प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। यात्री कुशाग्र राय, जिन्होंने दो महीने पहले थर्ड एसी का टिकट विशेष किराया देकर बुक कराया था, ने बताया कि वे अपनी मां के साथ समय से स्टेशन पहुंच गए थे, लेकिन ट्रेन लगातार विलंबित होती रही। ठंडी और आरामदायक यात्रा की उम्मीद के विपरीत उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा।

यात्रा के दौरान भी ट्रेन को कई स्थानों पर रोका गया, जबकि अन्य नियमित ट्रेनों को प्राथमिकता दी गई। इसका परिणाम यह हुआ कि ट्रेन 19 अप्रैल की रात 2:45 बजे पहुंचने के बजाय दोपहर 2:45 बजे गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन पहुंची।

करीब 1500 किलोमीटर की दूरी और केवल 16 स्टॉपेज होने के बावजूद इतनी लंबी देरी ने यात्रियों को निराश किया। यात्रियों का कहना है कि समर स्पेशल ट्रेनों में अक्सर यही स्थिति रहती है, जहां विशेष किराया देने के बावजूद उन्हें समय पर सेवा नहीं मिलती। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों के संचालन में सुधार किया जाए और केवल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के बजाय उनकी समयबद्धता और सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाए।

## सागर पार्क कॉम्प्लेक्स गार्डेन का उद्घाटन समारोह सम्पन्न



-आदेश मिश्र

मुंबई। रविवार को मुंबई के घाटकोपर वेस्ट, अमृतनगर स्थित सागर पार्क कॉम्प्लेक्स के गार्डेन का उद्घाटन लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल के हाथों फीता काटकर किया गया। बतादे कि विख्यात समाजसेवी रहे स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल के नाम पर यहां कुर्सी एवं बच्चों के खेलने के लिए कई संसाधन स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रकांत मालकर, सुधाकर सावंत, विजय बंजारी, मोहिद्दीन चौधरी, संजय शर्मा, एड एस एच पठान, दिनेश हुले, अखलाक अहमद खान, बलन डोंगरे, रोहित चौधरी, सुभाष माने, प्रदीप राउत, नरेंद्र पटेल, अरविंद शुक्ल, अवधेश तिवारी, पंकज सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ल सहित सागर पार्क परिवार के सदस्य और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नटेश्वर स्पोर्टस क्लब में श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा संपन्न




मुंबई। नटेश्वर स्पोर्ट्स क्लब गांवदेवी, घाटकोपर द्वारा आयोजित विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सत्यनारायण भगवान की महापूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आए हुए सभी अतिथियों ने स्थापित सालिकग्राम भगवान, जगत जननी माता जगदंबा, माता सरस्वती वीणा वादिनी माता का पूजा अर्चना दर्शन कर आशीर्वाद और तीर्थ प्रसाद का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर नगरसेवक संजय भालेराव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रकांत मालकर, भाजपा नेता अशोक दुबे, उद्धव गुट शिवसेना नेता अजय भोसले, और पंकज सिंह, प्रदीप चौगुले, अखिलेश त्रिपाठी, सत्यवान गवली, गौरव खाड़े, कौशल मिश्रा, अरविंद शुक्ल, विशेष कार्यकारी अधिकारी आदेश मिश्र, संदीप दुबे, अरविंद मिश्र, कु. रचित शुक्ल, जय भारत मित्र मंडल, श्री मित्र मंडल, गांव देवी माता मित्र मंडल, पंचरत्न मित्र मंडल सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस सुंदर आयोजन को सफल बनाने हेतु नटेश्वर स्पोर्ट्स क्लब के सुरेश शेट्टी, अरुण एखंडे, दलजीत पांडेय, राजन चव्हाण, संतोष दलवी मिलिंद महाडीक, सुनील पाटिल, पांचाल जी, संतोष तावड़े, चेतन पुजारी ने आयोजन को सफल बनाने में कड़ी मेहनत की। और स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आए हुए समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र और पुषुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह का जन्मदिवस मनाया गया



मुंबई (उत्तरशक्ति)। कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह का जन्मदिवस 16 अप्रैल 2026 को कांग्रेस कार्यालय, मुलुंड कॉलोनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, मोहनराज, चंद्रवीर यादव, मंगला शुक्ला, राजेश सिंह, महानंद सिंह, डॉ. सचिन सिंह, दयाशंकर पाल, संतोष विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रभु प्रेरणा मेडिटेशन सेंटर का भव्य उद्घाटन सम्पन्न, स्नेहा दुबे पंडित एवं राजन नाईक रहे उपस्थित



वसई। वसई (ईस्ट) के वसंत नगरी क्षेत्र में प्रभु प्रेरणा मेडिटेशन सेंटर का उद्घाटन समारोह अत्यंत भव्य, आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज की आदरणीय सिस्टर जयंती के आशीर्वाद एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके संदेशों से उपस्थित सभी लोगों ने गहन आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर थॉमस डिसूजा, वसई विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे पंडित, ब्रह्मा कुमारी सिस्टर दिव्यप्रभा, सिस्टर जयंती, विवेक भोले, हंसा दीदी, कॉर्पोरेटर अशोक शेल्के, अभय कक्कड़, कॉर्पोरेटर अपर्णा पाटिल, कॉर्पोरेटर कल्पना नागपुरे, छोटू आनंद, सुरेश प्रजापति, मुकुंद मुल्ये सहित अनेक गणमान्य अतिथि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। ब्रह्मा कुमारीज वसई परिवार द्वारा कार्यक्रम का उत्कृष्ट आयोजन किया गया। सभी वक्ताओं ने मेडिटेशन, आध्यात्मिकता और संस्कारों के महत्व पर बल देते हुए समाज में ऐसे केंद्रों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## पलावा सिटी में हिंदू सम्मेलन संपन्न, पंच परिवर्तन का दिया संदेश



डोंबीवली (उत्तरशक्ति)। सकल हिंदू समाज, डाउनटाउन बस्ती द्वारा रविवार को खोनी, पलावा सिटी सेक्टर-4, डोंबीवली में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता दर्ज कराई। आयोजकों के अनुसार, बस्ती के विभिन्न घटकों से लगभग 1200 लोग उपस्थित रहे, जबकि सक्रिय सहभागिता करने वालों की संख्या करीब 700 रही।

पलावा सिटी, जहां देश के विभिन्न राज्यों के लोग निवास करते हैं, वहां परिवारों सहित लोगों ने सम्मेलन में भाग लिया। उपस्थित नागरिकों ने पूरे कार्यक्रम को गंभीरता से सुना और विषयों को समझने का प्रयास किया।

सम्मेलन का मुख्य विषय पंच परिवर्तन रहा। विभिन्न वक्ताओं ने कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और स्वावलंबन जैसे पांच महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही हिंदू जीवन दृष्टि पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिला वक्ता ने समाज में महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण के महत्व पर विचार रखे। बच्चों द्वारा सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पंच परिवर्तन का संदेश पहुंचाना था, जिसमें वे सफल रहे। इस मौके पर अरविंद कुमार वर्मा प्रभु जी इस्कॉन खारघर नवी मुंबई, स्वराज विजय राज सिंह लोको पायलट भारतीय रेलवे, श्रीमती सुनीता शशिकांत सालस्कर सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षिका, प्रमुख वक्ता मंगेश जी चुटके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अध्यक्ष नंदकुमार खांडेकर, उपाध्यक्ष श्रीमती मानसी गुंगे, सचिव कर्नल विजय भीलवड़िकर, ऊषाधीश मनोज कुमार झां मौजूद रहे।

## दयाशंकर यादव उत्तर भारतीय मोर्चा, मुंबई के महामंत्री नियुक्त



मुंबई (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुंबई अध्यक्ष अमित साटम के मार्गदर्शन में उत्तर भारतीय मोर्चा, मुंबई के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार दयाशंकर यादव को उत्तर भारतीय मोर्चा, मुंबई का महामंत्री नियुक्त किया गया है ।दयाशंकर यादव वर्ष 1989 से भाजपा से जुड़े हुए हैं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने दो बार वार्ड अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इसके अलावा वे झोपड़पट्टी मोर्चा, मुंबई तथा दो बार उत्तर भारतीय मोर्चा, मुंबई की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं ।हिंदी, मराठी एवं तेलुगु भाषाओं में दक्ष यादव के व्यापक अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है ।उनकी नियुक्ति पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। शुभकामना देने वालों में आर. डी. यादव, झोपड़पट्टी मोर्चा मुंबई अध्यक्ष धनंजय कोलकर, राजेश रस्तोगी, अर्जुन गुप्ता, बिहार प्रकोष्ठ मुंबई महामंत्री जितेंद्र झा, राजेश सिंह, प्रद्युम्न शुक्ला, नीरज वाजपेयी, अजय शुक्ला, एडवोकेट मनोज जायसवाल, प्रदीप त्रिपाठी, प्रमोद सुराना, सुरेश पाल, उपेंद्र विश्वकर्मा, राजबहादुर यादव, कैलाश यादव, सुभाष विश्वकर्मा, गजेंद्र सिंह, अनुराग शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों–राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत श्रीनाथ यादव, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष अभय राज यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लालमणि यादव, युवा संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव–ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और समाज सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है ।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, राजबहादुर यादव, राष्ट्रीय महासचिव विजय एल. यादव, राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र यादव एवं रामप्रवेश यादव ने कहा कि समाज के लोग चाहे किसी भी राजनीतिक दल में हों, उन्हें निष्ठा के साथ समाज सेवा करनी चाहिए–यही सबसे बड़ी उपलब्धि है ।उत्तर भारतीय एवं आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने भी दयाशंकर यादव को महामंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## वसई-विरार में लंबित मुद्दों पर विधायक स्नेहा दुबे पंडित की आयुक्त के साथ महत्वपूर्ण बैठक



विरार (पश्चिम)। वसई-विरार नगर निगम मुख्यालय में वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने शहर आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी. तथा अपर आयुक्त दीपक सावंत के साथ नगरसेवकों के प्रतिनिधिमंडल सहित एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नगर निगम क्षेत्र से जुड़े विभिन्न लंबित और जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से भवनों को अधिभोग प्रमाण पत्र (ओसी) जारी करने हेतु अभय योजना के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा हुई। साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा 17 जुलाई 2025 को दिए गए निदेर्शों के बावजूद उनके पालन न होने पर गहन जांच की मांग उठाई गई।

इसके अलावा, ओसी न मिलने के कारण नागरिकों को जल कनेक्शन प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने, नगर निगम क्षेत्र में चल रहे अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पूर्वी स्टेशन से एवरशाइन गेट नंबर 5 तक सड़क निर्माण कार्य में पाई गई खामियों के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में वसई तालुका के आदिवासी पाड़ों में बुनियादी सुविधाओं की कमी से उत्पन्न समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस पर आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी. ने सभी मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में भाजपा वसई-विरार शहर के जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, पार्षद प्रदीप पवार, नगरसेवक श्रीमती अपर्णा पाटिल, नगरसेवक श्रीमती निम्मी निपुण दोशी, जिला सचिव प्रवीण गावड़े, वसई पश्चिम मंडल अध्यक्ष आशीष जोशी, वसई ईस्ट साउथ बोर्ड के अध्यक्ष उदय शेट्टी, धारेन्द्र कुलकर्णी, पूर्व नगरसेवक छोटू आनंद, मयूर नाइक, देवदत्त मेहर सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## नालासोपारा में नाले का बहाव रोकने और जनस्वास्थ्य को खतरे में डालने वालों के खिलाफ मामला दर्ज



विरार। नालासोपारा पुलिस स्टेशन में आखिरकार 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिन्होंने निजी लाभ के लिए नालासोपारा (पश्चिम) के शनि मंदिर, म्हाडा रोड क्षेत्र में प्राकृतिक नाले के बहाव को अवरुद्ध कर दिया था। आरोप है कि इन लोगों ने नाले में मिट्टी भरकर सीवेज का पानी जमा किया और उस पर घास उगाकर उसे बेचने का काम कर रहे थे, जिससे इलाके में डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया था।

इस गंभीर जनस्वास्थ्य मुद्दे को वसई-विरार महानगरपालिका के विपक्षी पार्टी के नेता मनोज पाटिल ने प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इस विषय को महानगरपालिका की सामान्य सभा में भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उनके लगातार फॉलो-अप के बाद, महानगरपालिका के पब्लिक हेल्थ विभाग ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर यह कार्रवाई संभव हो सकी।

सीनियर हेल्थ इंस्पेक्टर अविनाश गुंजालकर और उनकी टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में यह सामने आया कि कुछ लोग जानबूझकर नाले के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे थे। जमा हुए गंदे पानी से इलाके में बदबू फैल रही थी और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा था, जो एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन गया था।

प्रशासन द्वारा पहले नोटिस जारी करने के बावजूद सुधार न होने पर संदीप चव्हाण, प्रकाश एकांबी, सुरेश एकांबी, नागेश मणि, माणिक कोरी, सचिन मोरे और संजय सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 271, 272, 3(5) तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 117 के तहत मामला दर्ज किया गया है। विपक्षी नेता के इस सक्रिय और आक्रामक रुख के चलते क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ हुई इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## वणी प्रीमियम लीग 'मनसे चषक' का रोमांचक समापन

मुंबई। स्थानीय शासकीय मैदान पर पिछले आठ दिनों से चल रही 'वणी प्रीमियम लीग - मनसे चषक 2026' इस भव्य दिन-रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बेहद उत्साह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर 'ZIHU 11' टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम स्थान के 4 लाख रुपये और प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतकर इस टीम ने वणी के खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया, जबकि यवतमाल की 'नाइट राइडर्स' टीम को उपविजेता बनकर 2 लाख 51 हजार रुपये के पुरस्कार से संतोष करना पड़ा।




मनसे नेता राजू उंबरकर की कल्पना से साकार हुई इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 10 अप्रैल को विधायक संजय देरकर और राजू उंबरकर के हाथों किया गया था। 18 अप्रैल को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राजू उंबरकर की प्रमुख उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण विजेता टीम के मालिक को दोपहिया मोटरसाइकिल का पुरस्कार रहा, जिसे प्रदान करते समय उपस्थित लोगों का उत्साह चरम पर था। वणी क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों ने इन रात्रि मैचों का आनंद लेने के लिए मैदान में बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। इस समारोह में वणी नगर परिषद के मुख्याधिकारी सचिन गाडे, उप मुख्याधिकारी जयंत सोनटक्के, प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र लोढ़ा, शिवसेना के अविनाश भुजबळराव, मनसे वाहतूक सेना के राज्य उपाध्यक्ष इरशाद खान, मनसे किसान सेना के जिलाध्यक्ष रमेश पेचे, तालुकाध्यक्ष फाल्गुन गोहोकार, विनोद कुचनकर, तालुका उपाध्यक्ष राकेश शंकावार, व्यापारी आघाड़ी के शहराध्यक्ष राकेश वैद्य, सरपंच शुभम भोयर, गोविंदराव थेरे, परशुराम खंडाळकर, दिलीप मस्के, विलन बोदाडकर, संजय गौरकर, जितेंद्र शिरभाते, अविनाश पाटील, लक्की सोमकुवर, मयूर घाटोले, अमोल मसेवार, अनिल टोंगे सर, प्रवीण कळसकर, आशिष ठावरी और लोकेश लडके की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के शैलेश ढोके, नदीम शेख और उनके सहयोगियों ने अथक मेहनत की। वणी शहर की युवा पीढ़ी को खेल का मंच उपलब्ध कराने वाले इस आयोजन की पूरे तालुका में सराहना हो रही है।